हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026



# छत्तीसगढ़ के एक तिहाई जिलों में सिंचाई के साधन 10 फीसदी भी नहीं, अब नई परियोजनाओं पर भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**राज्य गठन के 25 साल बाद भी सिंचाई सुविधाओं में कमी, लेकिन... सरकार की कोशिशें भी हैं जारी, बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र**

छत्तीसगढ़ में राज्य गठन के 25 साल पूरे होने के बाद भी राज्यभर में सिंचाई का क्षेत्रफल 34 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाया है। हालत ये है कि राज्य के 33 में से एक तिहाई यानी 11 जिलों में संपूर्ण फसलों के क्षेत्रफल से सिंचित क्षेत्रफल का रकबा 10 प्रतिशत भी नहीं हो पाया है, लेकिन दूसरी ओर राज्य शासन सिंचाई के साधन बढ़ाने की कोशिश में भी है। छत्तीसगढ़ की कुछ निर्माणाधीन सिंचाई योजनाएं पूरी होने से सिंचित क्षेत्र के रकबे में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

कृषि व्यवस्था पर आधारित छत्तीसगढ़ में लगभग 70 प्रतिशत आबादी खेती-किसानी और उससे जुड़े कारोबार पर आश्रित है। वर्ष 2000 में राज्य गठन के समय ये उम्मीद बनी थी कि अगले 10-20 साल में प्रदेश में सिंचाई के साधन बढ़ेंगे, लेकिन यह अपेक्षा अभी अधूरी है। प्रदेश में अब तक कुल मिलाकर 34 प्रतिशत रकबा ही सिचिंत हो पाया है।

खास खबर

### एक नजर सबसे कम सिंचित जिलों पर

*राज्य में 33 जिलों में सबसे कम सिंचित जिलों की बात करें तो स्थिति साफ होती है कि कहां सिंचित क्षेत्र कितने प्रतिशत है। बस्तर 7, कोंडागांव 7, नारायणपुर 1, दंतेवाड़ा 0, सुकमा 0, बीजापुर 3, कोरबा 1, बलरामपुर 4, कोरिया 6, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर 4, जशपुर 4। सूरजपुर और सरगुजा में सिंचिंत क्षेत्र 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है।*



### इन जिलों में सबसे अधिक सिंचाई का क्षेत्रफल

*राज्य के कई जिलों में सिंचाई के साधनों का काफी विस्तार भी बीते 25 साल में हुआ है। राज्य में सबसे अधिक सिंचित जिलों में रायपुर 82 में प्रतिशत, बलौदाबाजार 56, गरियाबंद 41, महासमुंद 38, धमतरी 68, दुर्ग 72, बालोद 54, बेमेतरा 55, कबीरधाम 48, बिलासपुर 49, जांजगीर 89, सक्ती में 65 फीसदी सिंचाई सुविधाएं हैं।*

### अब नई परियोजनाओं पर भरोसा

ऐसा भी नहीं है कि राज्य सरकार सिंचाई परियोजनाओं को लेकर गंभीर नहीं है, लेकिन इन परियोजनाओं के शुरू होने से लेकर अमल में आने तक काफी अरसा लगता है। राज्य में कुछ सिंचाई परियोजनाएं जो निर्माणाधीन हैं, उनके पूरे होने के बाद सिंचाई के साधन बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत राज्य की 4 योजनाएं शामिल है, जिनमें एआईबीपी की केलो परियोजना शामिल है, जिसका कार्य प्रगति पर है तथा सीएडी एंड डब्ल्यूएम के अंतर्गत 3 योजनाएं जैसे केलो परियोजना, खारंग परियोजना, मनियारी परियोजना शामिल है, जिससे क्रमशः 21225 हेक्टेयर, 8300 हेक्टेयर तथा 11515 हेक्टेयर क्षेत्र में सुलभ रूप से सिंचाई उपलब्ध की जा सकेगी तथा इन योजनाओं को दिसंबर 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। इन कार्यों की नियमित समीक्षा केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। इसी प्रकार भारत सरकार की एम-सीएडी (समृद्धि योजना) के अंतर्गत जिला जशपुर में बगिया दाबयुक्त पाइप वितरण प्रणाली योजना, एक पायलट परियोजना के रूप में प्रारंभ की जा रही है, जिससे 4837 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

## खबर संक्षेप



### 71 बड़े बकायादारों पर कार्यवाही, 46 व्यापारियों के व्यावसायिक परिसर सील

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर दस जोन में राजस्व विभाग 475 करोड़ के राजस्व वसूली लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बड़े बकायादारों से बकाया कर वसूली के लिए विशेष अभियान चला रहा है। शासकीय अवकाश के दिन भी जोन 10 के राजस्व विभाग की टीम ने रविवार को जोन 10 क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में वर्षों से बकाया कर भुगतान नहीं कर रहे बड़े बकायदारों पर कड़ाई बरतते हुए राजस्व वसूली अभियान चलाया। इस दौरान डिमांड बिल और अंतिम नोटिस देने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के 46 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सीलबंद किया गया। इस दौरान जोन में 41 लाख रुपए की राजस्व वसूली आई है। नगर निगम जोन 10 अमले ने रानी दुर्गावती वार्ड, पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड में बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाया। यह अभियान उपायुक्त राजस्व जागृति साहू के निर्देश और जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में जोन 10 के सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सोनी सहित राजस्व निरीक्षकों और जोन की टीम के सहयोग से चलाया गया।

### जोन 9 में बड़े बकायादारों से वसूली अभियान, 47 के परिसर में सीलबंदी



**रायपुर।** नगर निगम जोन-9 के राजस्व विभाग की टीम ने रविवार को क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बड़े बकायादारों से बकाया संपत्ति कर राशि वसूलने अभियान चलाया। इस दौरान डिमांड बिल और अंतिम नोटिस देने के बाद भी बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वाले 47 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। वहीं 3 बकायादारों ने सीलबंदी के दौरान तत्काल बकाया राशि का मौके पर भुगतान कर दिया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और उपायुक्त राजस्व जागृति साहू के निर्देश एवं जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में 50 बड़े बकायादारों पर बकाया संपत्ति कर राशि वसूलने कड़ाई बरतते हुए अभियान चलाया गया। इस दौरान अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी जोन कार्यालय में बकाया संपत्तिकर राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर 47 व्यावसायिक परिसरों में ताला जड़ते हुए सीलबंद किया गया।

## ईरान से आने वाला मामरा बादाम चार हजार के पार, पिस्ता के दाम पहुंचे 32 सौ रुपए किलो

# ईरान-इजरायल, अमेरिका युद्ध से ड्राई फ्रूट्स के दाम में 30 फीसदी तक गर्मी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका की जंग चल रही है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स के दाम में भी भारी गर्मी आ गई है। आवक कम होने से दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अगर लगातार युद्ध चलता रहा तो दाम तो और बढ़ेंगे ही साथ ही ड्राई फ्रूट्स की कमी भी हो सकती है। ईरान से आने वाला बड़ी साइज का मामरा बादाम चार हजार के पार हो गया है। अन्य बादाम के दाम 26 सौ से 3000 हजार रुपए हैं। इसी तरह से ईरानी पिस्ता के दाम 32 सौ रुपए किलो हो गए हैं। कुल मिलाकर ड्राई फ्रूट्स बाजार में जंग का कड़वाहट घुल गई है। कारोबारियों का कहना है कि दिल्ली सहित देश के बड़े बाजारों में जो स्टॉक था, वह अब समाप्त होने वाला है। जब तक स्टॉक था, तब तक कोई असर नहीं था, लेकिन अब कीमत में भी आग लग गई है। अब तो आवक भी बंद हो गई है। वैसे इस समय त्योहारी सीजन न होने के कारण डिमांड उतनी ज्यादा नहीं है, लेकिन ड्राई फ्रूट्स की मांग साल भर रहती है।

**त्योहारी सीजन न होने के कारण डिमांड उतनी ज्यादा नहीं**






### अंजीर के दाम कम

*इस समय अंजीर के दाम बहुत कम हैं। इसका कारण यह है कि इसकी फसल बहुत ज्यादा हो गई है। ऐसे में पहले जो 24 सौ रुपए किलो मिलती थी, वह इस समय 16 सौ रुपए में मिल रही है। इसी तरह से 16 सौ रुपए वाली अंजीर आठ से नौ सौ रुपए किलो बिक रही है। मुनक्का के दाम इस समय 600 से 800 रुपए किलो हैं। ईरानी पिस्ता की कीमत तीन हजार के पार हो गई है। यह पहले 28 सौ रुपए किलो था जो अब 32 सौ रुपए किलो हो गया है। अन्य पिस्ता 23 से 25 सौ रुपए थोक में और चिल्हर में इसके दाम 25 से 27 सौ रुपए हैं। अमेरिकन पिस्ता 15 सौ रुपए किलो है।*




### काजू-किशमिश के दाम ज्यादा



इस समय प्रदेश में काजू और किशमिश के दाम ज्यादा है। थोक कारोबारियों के मुताबिक बीते साल अंगूर की फसल कम होने के कारण ही किशमिश के दाम डबल हो गए थे जो अब तक चल रहे हैं। जो किशमिश पहले थोक में 225 से 250 रुपए तक थी वो अब थोक पांच सौ के करीब पहुंच गई है। चिल्हर में यह छह सौ रुपए बिक रही है। हरी किशमिश के दाम में भी दो सौ रुपए का इजाफा हो गया है। यह पांच सौ से बढ़कर सात सौ रुपए हो गई है। चिल्हर में यह 800 सौ बिक रही है। इसी तरह से काजू के बीजों की कमी के कारण काजू के दाम भी बढ़ गए हैं। इस समय काजू थोक में 700 रुपए से 17 सौ रुपए तक हैं। चिल्हर में इसके दाम 800 से 2000 रुपए तक हैं।





### मामरा बादाम चार हजार के पार

जहां ईरान से मामरा बादाम आता है, वहीं अफगानिस्तान से अंजीर और मुनक्का आता है। मामरा बादाम सबसे अच्छी क्वालिटी के दाम अब चार हजार के पार हो गए हैं। इसके दाम पहले 38 सौ रुपए के करीब थे लेकिन अब इसके दाम 42 सौ रुपए हो गए हैं। इसके अलावा ईरान से आने वाला कुछ कम साइज वाला मामरा बादाम 26 सौ से तीन हजार हो गया है। यह पहले 22 से 26 सौ रुपए था। अफगानिस्तान के बादाम का दाम 18 सौ से 26 सौ रुपए है। जहां तक सामान्य बादाम की बात है तो इसके दाम 800 से 12 सौ रुपए तक हैं।

## केदार कश्यप बोले

# नक्सलवाद का अंत भयमुक्त और शांत प्रदेश की ओर ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वनमंत्री केदार कश्यप ने टाटीबंध मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नक्सल समस्या के खात्मे को लेकर कहा, अब राज्य में पूरी तरह से भयमुक्त और शांत वातावरण स्थापित हो चुका है। जिन क्षेत्रों में कभी दहशत का माहौल था, वहां आज आम लोग खुलकर जीवन जी रहे हैं और विकास की नई धारा बह रही है।

श्री कश्यप ने कहा, स्थानीय लोगों की खुशी इस बात का प्रमाण है, उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि प्रदेश इस तरह नक्सलवाद से मुक्त हो पाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय केंद्र सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और संकल्प को दिया। श्री कश्यप ने लोकसभा में नक्सलवाद पर होने वाली चर्चा को लेकर कहा, यह पूरे देश के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, आज देश एक ऐसे दौर में पहुंच चुका है, जहां दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव हो रहा है।

### कांग्रेस शासन में आदिवासी समाज के साथ हुआ अन्याय

श्री कश्यप ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज के साथ अन्याय किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद से आदिवासी क्षेत्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम किया है, जिसके कारण आज आदिवासी समुदाय का भरोसा भाजपा पर बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब कांग्रेस को एहसास हो रहा है कि आदिवासी समाज उनसे दूर हो चुका है, इसलिए वे नए-नए प्रयास कर रहे हैं।

### महावीर जयंती पर मांस मटन का विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर निगम की महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में महावीर जयंती 31 मार्च को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने महावीर जयंती पर पशुवध गृह एवं समस्त मांस-मटन विक्रय को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

# मुख्यमंत्री साय, भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को सुना।

- कोरिया जिले के जल सरंक्षण की सराहना की पीएम ने

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, मन की बात का यह एपिसोड आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण और कृषि समृद्धि की दिशा में देश के बढ़ते कदमों का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। जनभागीदारी से जल संरक्षण का यह अभिनव प्रयास, जहां किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों के माध्यम से वर्षा जल को सहेजा, आज भूजल स्तर में सुधार की सशक्त मिसाल बन चुका है। हम जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण को आगे बढ़ाकर छत्तीसगढ़ को सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भाजयुमो में प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी, भाजयुमो जिला महामंत्री शंकर साहू, सौरभ जागृत उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अहिवारा नगरपालिका में कार्यक्रम सुना। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भाजपा कार्यालय आसनसोल, पश्चिम बंगाल में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मन की बात कार्यक्रम असम के डिब्रूगढ़ में सुना।

# मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री विधायक, सांसद भी जाएंगे गांव चलो अभियान में गांव-गांव

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ प्रदेश भाजपा के बड़े से लेकर छोटे नेता भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान में गांव-गांव तक जाएंगे और वहां पर ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। इसी के साथ जिलों में सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन होंगे। मंडल और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। ये कार्यक्रम स्थापना दिवस 6 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे।

- भाजपा के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल तक होंगे कार्यक्रम

भाजपा के स्थापना दिवस से पखवाड़े भर तक भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अलग-अलग कार्यक्रम तय किए हैं। इसमें सबसे बड़ा कार्यक्रम गांव चलो अभियान है। इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी गांवों तक जाना हैं। गांव में चौपाल लगाकर वहां पर ग्रामीण से संवाद करना है। ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा जाएगा। उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बात की जाएगी कि उनको इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के ही किसी गांव में जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारी, मोर्चा और प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे।हर विधानसभा में 50 गांवों का चयन किया जाएगा। इससे ज्यादा गांव भी किसी विधानसभा में हो सकते हैं। इन चयनित गांवों तक ही प्रदेश के नेता जाएंगे और वहां पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसी के साथ गांवों में भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की जाएगी।

# 8 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान की होगी ई-नीलामी

- ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मिलर्स और व्यापारियों को पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पूरी होने के बाद अब अतिशेष धान के निपटारे के लिए इसे ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। मार्कफेड द्वारा इस साल खरीदे गए 141 लाख मीट्रिक टन धान में से 133 लाख टन धान की मिलिंग की जाएगी। उसके हिसाब से ही मिलरों को धान प्रदाय किया जा रहा है। केंद्रीय पूल में 73 लाख टन चावल लिए जाने के बाद करीब 8 लाख टन धान शेष बचेगा। मंत्रिमंडलीय उपसमिति एवं राज्य शासन की स्वीकृति के बाद मार्कफेड ने नीलामी प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। अतिरिक्त धान को पिछले साल की तरह इस साल भी नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा।

मार्कफेड के अनुसार, सभी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव किया जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में जगह के हिसाब से रखा जा रहा है। सभी जिलों में 1161 मिलरों के माध्यम से धान का उठाव मिलिंग कर एफसीआई और नान में जमा करने के लिए दिया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम में 9441 टन चावल जमा किए जा चुके हैं। एफसीआई में अभी चावल जमा नहीं किए गए हैं। यहां पर रैक मिलने के साथ ही अगले माह से चावल जमा किए जाएंगे। पिछले साल का चावल मिलरों को जमा करना है, उसे पहले लिया जाएगा। उसके बाद इस साल का चावल जमा होगा।



### खरीदी से कम दर मिलने पर होगा बड़ा नुकसान

पिछले साल नीलामी के दौरान यह देखा गया कि अधिकांश जिलों में धान की कीमत अधिकतम 2000-2100 रुपए प्रति क्विंटल रही। राज्य सरकार इस वर्ष भी किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रही है। यदि ई-नीलामी में बोली समर्थन मूल्य से कम रही तो शासन को करोड़ों रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### ऐसे होगी नीलामी

*बताया गया है कि धान की ई-नीलामी मार्कफेड द्वारा अधिकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मिलर्स और व्यापारियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन के बाद प्रथम चरण की नीलामी जल्द शुरू की जाएगी है।नीलामी में भाग लेने वाले निविदाकारों को 'प्राइस मैचिंग' का विकल्प प्रदान किया जाएगा।*

### पिछले साल से कम धान की नीलामी

बताया गया है कि पिछले साल नीलाम किए गए धान की मात्रा इस साल से दोगुनी थी। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इच्छुक निविदाकारों (बिडर्स) का पंजीयन किया जा रहा है। बोलीदाता संबंधित संग्रहण केंद्रों में जाकर नीलामी के लिए रखे धान का निरीक्षण भी कर सकेंगे। राज्य सरकार ने इस बार खरीदी के दौरान ऑनलाइन निगरानी और अन्य माध्यमों से अवैध धान की बिक्री को रोकने में सफल रही, इसके चलते पिछले साल के मुकाबले कम धान खरीदी हुई।

## कमीशन न मिलने पर धान नहीं उठवा रही सरकार : बैज

# मिलरों को धान नहीं दे रही सरकार कांग्रेस ने जताई गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांग्रेस ने संग्रहण केंद्रों में धान खुले में पड़े रहने पर चिंता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का कहना है, भ्रष्टाचार करने की नीयत से भाजपा सरकार संग्रहण केंद्रों से मिलरों को मिलिंग के लिए धान नहीं दे रही, ताकि धान खराब होने के नाम पर, खुले बाजार में नीलामी कर भ्रष्टाचार किया जा सके। पूरे प्रदेश में लाखों मीट्रिक टन धान उठाव के अभाव में खरीदी केंद्रों में जाम पड़ा है। उन्होंने कहा, जब मिलर्स सरकार से अनुबंध के तहत धान लेने को तैयार हैं तो फिर सरकार धान, मिलर्स को क्यों सौंप नहीं रही है? जितने लंबे समय तक धान खरीदी केंद्रों में रखा जाएगा, उतना ही भ्रष्टाचार का जोखिम बढ़ेगा और उतना ही धान खराब होने तथा वजन कम होने का खतरा रहेगा, यानी हर दिन के साथ सरकार खुद अपने नुकसान को बढ़ा रही है।

### कमीशन का झगड़ा

उन्होंने कहा, मिलरों और सरकार के बीच कमीशन का भी झगड़ा चल रहा है। मार्कफेड के जिला मैनेजरों के पास 20 रुपए टन के हिसाब से वसूली जमा करने पर ही डीओ दिया जा रहा, इसलिए भी उठाव नहीं हो पा रहा है। सरकार इस धान को नीलामी के जरिए बेचने की तैयारी में है। 3100 रुपए में खरीदकर धान 2000 में बेचकर कमीशनखोरी की जाएगी।



हरिभूमि
# रायपुर भूमि





### प्रीमियम सीटों के लिए बदले जा रहे कांच

स्टेडियम की प्रीमियम सीटों से मैच देखने के अनुभव को और अधिक शानदार बनाने के लिए पुराने कांच बदलने का काम शुरू हो गया है। पवेलियन के हिस्से में मरम्मत और बदलाव के लिए बांस-बल्लियां लगा दी गई हैं। नए और पारदर्शी कांच लगने के बाद पवेलियन सहित प्रीमियम बॉक्स से मैच देखने का रोमांच दोगुना हो जाएगा। साथ ही स्टेडियम में दर्शकों के लिए सीटों की संख्या बढ़ाने का काम भी तेज कर दिया गया है। बता दें कि अप्रैल में आरसीबी प्रबंधन की टीम एक बार फिर रायपुर का दौरा करेगी, जिसके बाद स्टेडियम की व्यवस्थाओं में कुछ और नए बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# आईपीएल के लिए नई पिच, प्रीमियम व्यू के लिए बदले जा रहे कांच,12 अप्रैल के बाद मिलेंगे टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैचों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का महामुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा, जबकि 13 मई को आरसीबी की टक्कर कोलकाता नाइट राइडर्स से होगी। इन दोनों बड़े मुकाबलों के रोमांच को देखते हुए ▶▶| शेष पेज 15 पर



**12 अप्रैल के बाद शुरू होगी टिकट की ऑनलाइन बिक्री:** रायपुर में होने वाले इन दोनों महामुकाबलों के टिकट 12 अप्रैल के बाद आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर मिलने शुरू हो सकते हैं। इन मैचों की टिकट बिक्री का जिम्मा पूरी तरह से आरसीबी प्रबंधन के पास ही रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार एक मैच के लिए लगभग 50 ▶▶| शेष पेज 15 पर

### छत्तीसगढ़ की लाल मिट्टी से तैयार होगी पिच

खास बात यह है कि यह नई पिच पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की स्थानीय मिट्टी से ही बनाई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी पिच की ही तरह इसे भी लाल मिट्टी से तैयार किया जा रहा है। लाल मिट्टी की पिच अमूमन उछाल भरी होती है, जिससे बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों दोनों ▶▶| शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय ने कस्टमर को पीटा

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने दो पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय के खिलाफ एड्रेस विवाद को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोटा निवासी लोकेश्वर सिंह ठाकुर ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश्वर ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात साढ़े 12 बजे ऑनलाइन पिज्जा के लिए आर्डर किया था। लोकेशन ट्रेस नहीं होने पर पिज्जा डिलीवरी करने वाले ने लोकेश्वर के साथ पहले मोबाइल पर बहस की। इसके बाद पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय अपने एक अन्य साथी के साथ लोकेश्वर के घर पहुंचा। डिलीवरी देने के बाद डिलीवरी ब्वॉय ने अपने साथी के साथ मिलकर लोकेश्वर से मारपीट की।

### एनडीपीएस प्रकरणों की जांच के लिए प्रशिक्षण शिविर

**रायपुर।** एनडीपीएस एक्ट प्रकरणों की विवेचना को सुदृढ़ बनाने रविवार को रायपुर कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रशिक्षण शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में सभी पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं विवेचना की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में 125 विवेचक, पुलिस अफसर शामिल हुए।

### आपसी विवाद में मारपीट दो युवकों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक बदमाश तथा उसके साथियों के खिलाफ दो अलग-अलग युवकों ने मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामनगर निवासी चंद्रशेखर ध्रुव ने आर्यन, डब्बू सारथी एवं उनके अन्य साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते पेट पर चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। संस्कार विश्वकर्मा ने भी डब्बू सारथी, आर्यन और काउ देवार के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### आईडीबीआई बैंक क्षेत्रीय कार्यालय का आज घेराव करेंगे कांग्रेसी

**रायपुर।** आईडीबीआई बैंक की चरोदा शाखा में हुई लगभग 1.53 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित हितग्राहियों के साथ जोरदार विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला किया गया है। इस मामले में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस रायपुर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सिविल लाइंस रायपुर स्थित आईडीबीआई बैंक के रीजनल ऑफिस पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। बताया गया है कि मामले में 21 पीड़ित हितग्राहियों की कुल 1.53 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाल ली गई है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों को तुरंत न्याय दिलाने, उनकी पूरी राशि वापस कराने और दोषी बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने संयुक्त रूप से जानकारी दी।

### हीरापुर, जरवाय बस्ती, अटारी, आरडीए कॉलोनी के रहवासी भी परेशान

# सफाई का ये कैसा सिस्टम...30 दिन का ले रहे शुल्क, कचरा उठा रहे 15 दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था का सिस्टम बेलगाम हो चला है। 30 दिन का शुल्क लेकर घरों से 15 दिन कचरा उठाने ठेका एजेंसी की गाड़ी रहवासी इलाकों में पहुंच रही है। सुबह लोग घरों का कूड़ा-करकट देने कचरा गाड़ी का इंतजार करते हैं, पर गली मोहल्लों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी किसी वार्ड में एक दिन तो कहीं 2 से 3 दिन और आउटर के इलाकों में 4 से 5 दिन गेप कर कचरा उठाने पहुंच रही है। शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

- ठेका एजेंसी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में कर रही मनमानी, निगम का मॉनिटरिंग सिस्टम फेल

जबकि रायपुर नगर निगम रामकी कंपनी को शहर के 70 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, परिवहन और कचरा निष्पादन कार्य के लिए हर महीने 4 करोड़ का भुगतान करता है। इन सबके बावजूद डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की मॉनिटरिंग पर ध्यान नहीं देने से लोग घरों का कचरा नालियों व मुख्य मार्गों पर फेंकने को मजबूर हैं।

**केस 1**

### सोनडोंगरी, कबीरनगर, बीएसयूपी कॉलोनी में 4 से 5 दिन गेप में उठ रहा कचरा

पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी बस्ती, बीएसयूपी कॉलोनी, कबीरनगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नियमित रूप से सफाई वाहन नहीं पहुंच रहा है। 4 से 5 दिन के अंतराल में सफाई गाड़ी रिहाइशी इलाके में कूड़ा-करकट इकट्ठा करने पहुंच रही है। यही हाल कबीरनगर का भी है, इसके कारण कबीर नगर मेनरोड पर कचरा फैला रहता है। वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने नियमित रूप से सफाई वाहन नहीं आने की शिकायत महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप से की है। आयुक्त को लिखित शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों की एक शिकायत ये भी है कि वार्ड सफाई वाहन फर्राटे से आता है, गली-मोहल्ले में लोग कूड़ा लेकर पहुंच पाएं, इससे पहले ही गाड़ी दूसरी जगह चली जाती है। हास्पिटल और रेस्टोरेंट से कचरा उठाने पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है।



**केस 2**

### हीरापुर कॉलोनी, जरवाय बस्ती बीएसयूपी कॉलोनी, आरडीए कॉलोनी

वीर सावरनगर वार्ड स्थित हीरापुर कॉलोनी, जरवाय बस्ती, अटारी बस्ती के अलावा बीएसयूपी कॉलोनी और आरडीए कॉलोनी में रहने वालों के यहां 2 से 3 दिन गेप कर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए गाड़ी आती है। जबकि इन इलाकों में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। भुक्तभोगियों की पीड़ा ये है कि नगर निगम उनसे पूरे महीनेभर का यूजर चार्ज प्रॉपर्टी टैक्स के साथ वसूलता है, पर कूड़ा उठाने में लापरवाही रोक नहीं पा रहा। वार्ड पार्षद संदीप साहू ने लोगों की परेशानी को देखते हुए इसकी शिकायत जोन कमिश्नर, महापौर और निगम आयुक्त से भी की है।

**केस 3**

### संकरी गलियां, व्हील बिन लेकर आते नहीं कर्मचारी, नालियां जाम

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के अशोकनगर, बुद्धविहार कालोनी में 3 से 4 फीट की सकरी गलियां होने के कारण डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए गाड़ियां नहीं जा पातीं। ऐसे में व्हील बिन से सफाई कर्मचारियों को कचरा कलेक्ट करना है, पर वे 3 से 4 दिन के बाद कूड़ा इकट्ठा करने आते हैं। यही वजह है कि प्रभावित इलाके में नालियां कचरे से भरी पड़ी हैं। शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं देने से रहवासियों में नाराजगी व्याप्त है। वार्ड पार्षद एवं जोन 8 के अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर का कहना है, संकरी गलियों में गाड़ी नहीं जा सकती, इसलिए व्हील बिन से लोगों के घरों का कूड़ा इकट्ठा करने कई बार ठेका एजेंसी के सफाई कर्मचारियों को कह चुके हैं, पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे वार्ड की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**केस 4**

### सरोना बस्ती, पार्थिव प्रोविन्स सालासर सिटी में 1 दिन का गेप

संत रविदास वार्ड की सरोना बस्ती में 1 दिन के अंतराल के बाद डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए गाड़ी आती है। यही स्थिति विप्रनगर, पार्थिव प्रोविन्स, सालासर सिटी में बनी हुई है। प्रभावित इलाके रहवासियों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन अध्यक्ष और महापौर तक इस बात की शिकायत की है। इसके बाद भी ठेका एजेंसी नियमित रूप से संबंधित इलाकों में सफाई वाहन नहीं भेज पा रहा है।

### ठेका एजेंसी को देंगे निर्देश

शहर की सफाई व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नियमित रूप से किया जाए, इसके लिए अनुबंधित एजेंसी को निर्देशित किया जाएगा।

*- **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम, रायपुर*

# ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई में फंसा दुर्ग का रसूखदार पुलिस को धमकाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 137 नशेड़ी वाहन चालकों की गाड़ियां जब्त की हैं। इस दौरान दुर्ग-भिलाई का एक रसूखदार भी कार्रवाई की जद में आ गया। पकड़े जाने पर वह कार्रवाई से बचने पहले तो पुलिस के हाथ-पांव जोड़ने लगा, लेकिन पुलिस को अपनी जगह टस से मस नहीं होते देख कथित रसूखादार ने अपने ओहदे तथा पहुंच का हवाला देते हुए देख लेने की धमकी दी और अपने आपको एक संगठन विशेष का प्रदेश पदाधिकारी बताया।

- पुलिस ने 137 नशेड़ी वाहन चालकों पर की कार्रवाई

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 15 पर

### घटना बॉडीवार्न कैमरे में कैद

*सोशल मीडिया पर राजू की कई बड़े भाजपा नेताओं के साथ फोटो वायरल है और ये वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है क राजू वीआईपी रोड स्थित किसी क्लब या बार से पार्टी अटैंड कर वापस भिलाई जा रहा था। इस दौरान वह नशे की हालत में कार चलाते पकड़ा गया। पूरी घटना पुलिस के बॉडीवार्न कैमरे में कैद हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है।*

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

*नशे की हालत में भिलाई के एक कार चालक को पकड़ा गया तो वह अपने रसूख की धौंस दिखाते हुए पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जतबाजी करने की कोशिश करने लगा। कार जब्त कर उचित वैधानिक कार्रवाई की गई है। नशे की हालत में जो भी कार सहित अन्य वाहन चलाते पाए जाएंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।*

*- विवेक शुक्ला*
*एडीसीपी ट्रैफिक*

### कई कार चालक अलग से ड्राइवर लेकर जाने लगे

जनवरी से लेकर अब तक 14 सौ नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव का केस दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया है। ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में लगातार कार्रवाई से सहमे वीआईपी रोड स्थित क्लब, बार में पार्टी के लिए जाने वाले कई रसूखदार अब पुलिस कार्रवाई से बचने अपने साथ ड्राइवर लेकर पार्टी अटैंड करने जा रहे हैं। साथ ही जिन स्थानों पर पुलिस की जांच होती रहती है, वहां से गुजरने के बजाय नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालक रास्ता बदलकर आवाजाही कर रहे हैं।

# पत्रकारिता विवि कराएगा बीएड की भी पढ़ाई

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संस्थानों में मल्टी डिसिप्लिनरी पाठ्यक्रम का है प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के एकलौते पत्रकारिता विवि में अब बीएड की भी पढ़ाई होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने ऑर्डिनेंस तैयार कर लिया है। नियामक संस्था से अनुमति लेने तथा अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात उक्त पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए दाखिले आरंभ कर दिए जाएंगे। सीट संख्या व अन्य चीजों का निर्धारण अभी अंतिम रूप से नहीं हो सका है। मंजूरी मिलने के बाद इन पाठ्यक्रमों में अध्ययन-

- विवि में छात्र संख्या बढ़ाने और पाठ्यक्रम को रोजगारोन्मुखी बनाने प्रयोग



अध्यापन के लिए फैकल्टी की भी नियुक्ति की जाएगी। गौरतलब है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शैक्षणिक ▶▶| शेष पेज 15 पर

### एनईपी में प्रावधान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मल्टी डिसिप्लिनरी पाठ्यक्रम का प्रावधान है। बीएड पाठ्यक्रम संबंधित ऑर्डिनेंस तैयार हो चुका है। चीजें अंतिम चरण में हैं।

**- प्रो.मनोज दयाल**
कुलपति, पत्रकारिता विवि

### वर्तमान में 450 विद्यार्थी

पत्रकारिता विवि प्रदेश के सबसे कम छात्र संख्या वाले विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। वर्तमान में यहां यूटीडी में मात्र 450 विद्यार्थी ही अध्ययनरत हैं। अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में यह संख्या अत्यंत कम है। पत्रकारिता संबंधित डिपलोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों का संचालन किए जाने के बाद भी यहां छात्र संख्या में विशेष बढ़ोत्तरी बीते वर्षों में नहीं हो सकी है। पत्रकारिता पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों का रूझान भी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से घटा है। इसके उलट शिक्षा आधारित बीएड, डीएलएड जैसे पाठ्यक्रमों में छात्रों की दिलचस्पी बढ़ी है और सीट से कई गुना आवेदन इनके लिए प्राप्त होते रहे हैं। यही कारण है कि छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अब नए पाठ्यक्रम भी लॉन्च किए ▶▶| शेष पेज 15 पर

# माह के अंतिम दिनों में गर्मी के तेवर 40 डिग्री में तपने लगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च के अंतिम दिनों में राज्य में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को राज्य का अधिकतम तापमान राजनांदगांव में 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। इसी तरह रायपुर और बिलासपुर में 39.6 डिग्री गर्मी पड़ी है। बढ़ती गर्मी पर बड़ा बदलाव होने की संभावना अभी नहीं है, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछेक स्थानों पर अंधड़ और बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनने की संभावना है। मार्च के महीने में रायपुर

- राजनांदगांव 40 .5, रायपुर, बिलासपुर का तापमान 39 .6 डिग्री दर्ज



का अधिकतम तापमान अब तक 39.2 तक पहुंचा था, जो रविवार 29 मार्च के 39.6 टेंप्रेचर से पीछे छूट गया। राजनांदगांव में पारा 40.5 डिग्री दर्ज किया गया और इस तरह की स्थिति ▶▶| शेष पेज 15 पर


### प्रदेश के निजी स्कूलों में आरटीई की 19165 सीटों के लिए 16 फरवरी से शुरू हुए हैं आवेदन

# नए नियमों में उलझीं आरटीई की आधी सीटें, 19 हजार सीटों पर ही प्रवेश, पंजीयन का कल आखिरी दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश प्राप्त करने पंजीयन का आज अंतिम दिन है। प्रदेश में इस वर्ष आरटीई की 19 हजार 165 सीटें हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 16 फरवरी से शुरू किए गए थे। 31 मार्च तक छात्रों का पंजीयन इसके लिए किया जाएगा। पंजीयन के पूर्व निजी स्कूलों से रिक्त सीटों की जानकारी प्राप्त कर पोर्टल पर अपडेट करने सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण की गई थीं। पंजीयन के बाद छात्रों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

- नए नियम के अनुसार इस बार सिर्फ पहली कक्षा ही एंट्री क्लास




अप्रैल माह में लॉटरी निकाले जाने के पश्चात मई में छात्रों को दाखिला प्रदान किया जाएगा। प्रदेश के 33 जिलों के 6851 विद्यालय आरटीई के अंतर्गत पंजीकृत हुए हैं। इनके अधिक 19165 सीटें हैं। इनमें ही छात्रों को लॉटरी के जरिए प्रवेश मिलेगा। पिछले वर्ष 53,023 सीटों पर छात्रों को दाखिले प्राप्त हुए थे। सीट संख्या कम होने के कारण इस बार अधिक मारामारी की स्थिति निर्मित होगी।

### ...तो बढ़ सकती है संख्या

पिछले वर्ष प्रदेश में आरटीई की 53,023 सीटें थी। आरटीई नियमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बदलाव किए गए हैं। छात्रों को नर्सरी कक्षाओं के स्थार पर केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश दिया जाएगा। नए नियम के बाद प्रदेश की आरटीई सीटें घटकर आधी से भी कम रह गई है। इस नए नियम के खिलाफ निजी स्कूलों ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में याचिका लगाई है। निजी स्कूलों के पक्ष में फैसला आने की स्थिति में आरटीई सीटों में वृद्धि होगी अन्यथा जिन 19 हजार 165 सीटों के लिए वर्तमान में पंजीयन जारी है, केवल उन्हीं सीटों पर छात्र प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

### ऐसा है शेड्यूल

- स्कूल प्रोफाइल अपडेट : 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026
- सीटों का सत्यापन और प्रकटीकरण : 1 जनवरी 2026 से 7 फरवरी 2026
- ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया (छात्र पंजीयन) : 16 फरवरी 2026 से 31 मार्च
- दस्तावेजों की जांच (नोडल वेरिफिकेशन) : 16 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026
- लॉटरी एवं स्कूल आवंटन : 13 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026
- स्कूल में प्रवेश की प्रक्रिया : 1 मई 2026 से 30 मई 2026

13

हाथों में खजूर की डालियों को लेकर ....




## एज्यूकेशन अपडेट

### एसएसबी कॉन्स्टेबल ट्रेड्समैन के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू, 827 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर।** सशस्त्र सीमा बल की ओर से कॉन्स्टेबल (ट्रेडसमैन) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 मार्च से शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार एसएसबी में बतौर कॉन्स्टेबल (ट्रेडसमैन) के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 827 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कॉन्स्टेबल (ट्रेडसमैन) के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, उम्मीदवारों की पदानुसार अधिकतम आयु 23, 25 और 27 वर्ष निर्धारित की गई है।




#### रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं या बारहवीं उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं भी होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट, ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को दस वर्ष की छूट दी जाएगी। इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 21,700 रुपए से लेकर 69,100 रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा। आवेदन करने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना भी अनिवार्य है। अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 100 रुपए जमा करने होंगे। इसके अलावा, एससी, एसटी और महिला उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस में छूट भी दी जाएगी।

## सिटी लाइव

### सिंगिंग टैलेंट हंट में सुरीले नगमों से प्रतिभागियों ने जीता दिल



**रायपुर।** रविवार को घड़ी चौक स्थित टाउनहॉल में आयोजित दो दिवसीय सिंगिग टैलेंट हंट का भव्य समापन हुआ। बौद्ध समाज रायपुर द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में सिगिंग टैलेंट हंट के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं में प्रथम जगदीश भीमटे, द्वितीय प्रदीप सहारे, तृतीय चंद्रशेखर फुलझेले, चतुर्थ तेजप्रकाश



फेकर, पंचम जलदीप नायक, विशेष गायन संघर्ष रामटेके, विशेष गायन सम्मान वीणा मारकण्डे रहे। वहीं, मंच संचालन मंजूषा माटे ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोगों की भागीदारी व सहयोग मिला।



## श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट कैंपस में लाइव कंसर्ट को यादगार बनाने उमड़ा फैंस का हुजूम

# फहीम की रूहानी आवाज का जादू, तेरी नजरों का दिल पे हुआ है असर...पर जमकर झूमे दर्शक

रविवार की शाम रायपुरियंस प्रसिद्ध बालीवुड सिंगर फहीम अब्दुल्लाह के हिट गानों पर जमकर झूमे। तेरी नज़रों का दिल पे हुआ है असर... तू मेरा महबूब है, जाना तेरी उल्फ़त में जीता हर-पल तू एक तोहफ़ा है ख़ुदा का...तू पास है मेरे पास है ऐसे मेरा कोई एहसास है जैसे...क्यूंकि तुम ही हो, अब तुम ही हो ज़िन्दगी... अब तुम ही हो, चैन भी मेरा दर्द भी मेरी आशिक़ी अब तुम ही हो...मुजगहन स्थित श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट कैंपस में फहीम अब्दुल्लाह ने अपने लाइव कंसर्ट में रूहानी आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**रायपुर।** यह मौका था श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के कैंपस में आयोजित दो दिवसीय अग्रेसिता फेस्ट का। फेस्ट के समापन समारोह में मशहूर गायक फहीम अब्दुल्ला का लाइव कंसर्ट युवाओं के लिए खास आकर्षण बना। सिंगर के एनर्जिटिक परफॉर्मेंस से युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अपने पसंदीदा सिंगर के हर गीत पर ऑडियंस क्रेजी दिखे। मशहूर गायक फहीम ने ऑडियंस के डिमांड पर सैयारा, अंगारा और इश्क जैसे अपने सुपरहिट गानों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। उनकी लाइव परफॉर्मेंस पर रायपुरियंस जमकर झूमे, जिससे यह शाम अविस्मरणीय बन गई। शाम 6 बजे से देर रात तक दर्शक रूहानी संगीत व गीतों में सराबोर होते रहे।



### फैंस में दिखी फेवरेट सिंगर को लेकर दीवानगी

लाइव कंसर्ट में अपने फेवरेट सिंगर को लेकर फैंस में जबर्दस्त दीवानगी दिखी। ऑडियंस ने हर गाने को अपने मोबाइल कैमरे से शूट किया। प्रोग्राम में सिंगर के स्टेज पर आने का शाम 6 बजे से ही फैंस बेसब्री से इंतजार करते रहे। जैसे ही सिंगर अपने रूहानी आवाज के साथ प्रस्तुति देने एंट्री की, झलक पाने फैंस क्रेजी हो उठे। दर्शक दीर्घा में जैसे बिजली का करंट दौड़ उठा हो। दर्शकों के मोबाइल फोन का फ्लैश लाइट ऑन हो गया।

### दो दिवसीय फेस्ट का हुआ यादगार समापन

संस्था के चेयरमैन निशांत त्रिपाठी के अनुसार फहीम को बुलाने के लिए कैंपस में वोटिंग कराई गई थी, जिसमें छात्रों ने सबसे ज्यादा पसंद उन्हें दी। म्यूजिक कॉन्सर्ट के साथ-साथ फेस्ट में कई टेक्निकल और क्रिएटिव प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिनमें अलग-अलग कॉलेजों के छात्र हिस्सा लेकर आकर्षक पुरस्कार जीते हैं। इस तरह से इस दो दिवसीय फेस्ट का यादगार व भव्य समापन हुआ।



### सिंगर्स ने ऑडियंस को सुनाई अपनी दास्तां

सिंगर फहीम अब्दुल्लाह ने कहा कि वह अपने कॉलेज के दिनों में क्यूंकि तुम ही हो, अब तुम ही हो ज़िन्दगी... अब तुम ही हो, चैन भी मेरा दर्द भी मेरी आशिक़ी अब तुम ही हो... को खूब सुना और हर फेस्ट व फंक्शन में इसे गाया है। यह गीत उनके सबसे दिल के करीब है। उन्होंने फैंस से कहा कि आप लोग तो मेरे गानों को मुझ से भी अच्छा गाते हो और याद रखते हो। इस प्यार के लिए आप लोगों का दिल से शुक्रिया।

# किड्स और पैरेंट्स ने जुम्बा सेशन में प्रतिभागी की तरह दिखाया उत्साह





**रायपुर।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए एक सकारात्मक पहल की गई। ऊर्जा से ओतप्रोत माहौल देने के लिए वंडर किड्स अकेडमी डीडीयू नगर और लक्ष्मी नगर द्वारा 'किड्स एवं पेरेंट्स जुम्बा सेशन' का एक विशेष एवं सफल आयोजन किया गया। इसमें सभी ने मिलकर रविवार को जुम्बा का आनंद लिया। एक स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन शैली की ओर कदम बढ़ाने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। इसमें विद्यालय की प्राचार्य पल्लवी मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी स्पेशल सेशन का हिस्सा बनी। जुम्बा सेशन का संचालन संतोष साहू और टीम द्वारा किया गया।

### सभी ने एक स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का लिया संकल्प

इसमें सभी ने रोचकता से सहभागिता निभाने के लिए सक्रिय रूप से शामिल हुए। इसमें मुख्य आकर्षण कार्टून कैरेक्टर मिकी माउस रहा, जिसने बच्चों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और माहौल को और अधिक आनंदमय बनाया। इस अवसर पर बच्चों और अभिभावकों ने न केवल जुम्बा का आनंद लिया, बल्कि योग और स्वास्थ्य से जुड़े लाभों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ मिलकर एक स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का संकल्प भी लिया। यह कार्यक्रम उस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के समग्र विकास के साथ परिवारों को जोड़ने की पहल को पूरा करने का प्रयास है।

# ट्रिपल आईटी के चतुर्थ दीक्षांत समारोह 8 को

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में 8 अप्रैल को संस्थान का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए ट्रिपल आईटी के कुलपति एवं निदेशक प्रो. ओम प्रकाश व्यास ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रो. व्यास ने संस्थान में हो रहे विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों, विशेष रूप से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोगों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रो. व्यास ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संस्थान को प्रदान किए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री को 8 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने संस्थान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शुभकानाएं दीं व भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



## वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं का समापन, अरुणाचल ओवरऑल चैम्पियन, छत्तीसगढ़ बना सेकंड रनरअप

# माता-पिता को खोने के बाद चाचा ने दिया संबल, दोहरे सदमे से उबरकर मिजोरम के इसाक ने वेटलिफ्टिंग में जीता सोना



महज 16 साल की उम्र से पहले ही सिर से माता-पिता का साया उठ जाने के बाद मिजोरम के युवा वेटलिफ्टर इसाक मालसावमटलुआंगा ने लगभग खेल छोड़ने का मन बना लिया था। इस दोहरी त्रासदी ने इस किशोर एथलीट को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन बचपन के कोच और चाचा-चाची के अटूट संबल ने न सिर्फ उनके डूबते कॅरियर को बचाया, बल्कि उन्हें चैंपियन भी बना दिया।




### रिशिका कश्यप ने छग के लिए जीता रजत पदक

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं का शानदार समापन हो गया। इसके साथ ही चैम्पियनशिप टीम के परिणाम भी घोषित किए गए, जिसमें पुरुष वर्ग में अरुणाचल प्रदेश ओवरऑल चैम्पियन बनी। वहीं, मिजोरम फर्स्ट रनरअप और असम सेकंड रनरअप रहा। महिला वर्ग में असम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि ओडिशा फर्स्ट रनरअप और छत्तीसगढ़ सेकंड रनरअप रहा। छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 121 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता और उन्होंने अपने मेडल का श्रेय कोच को दिया।

**रायपुर।** 18 वर्षीय इसाक ने अपने जीवन के भारी संघर्षों को मात देते हुए 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार का सिर फक्र से ऊंचा कर दिया है।

### चोट के बावजूद किया शानदार प्रदर्शन

पीठ की तकलीफ से जूझने के बावजूद इसाक का जज्बा मंच पर कम नहीं हुआ। स्नैच इवेंट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद उन्होंने 'क्लीन एंड जर्क' में शानदार वापसी की और कुल 235 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इसाक की संघर्ष यात्रा कभी आसान नहीं रही। साल 2018 में जब उन्होंने वेटलिफ्टिंग की शुरुआत ही की थी, तभी एक सड़क दुर्घटना में उनके पिता हेमिंग मालसावमटलुआंगा का निधन हो गया। परिवार का इकलौता बेटा होने के कारण उनके सामने यह धर्मसंकट खड़ा हो गया था कि वह अपना खेल जारी रखें या परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के लिए काम करना शुरू करें। इसाक बताते हैं, उस मुश्किल वक्त में मेरे बचपन के कोच सोमा ने मुझे बहुत प्रेरित किया और वेटलिफ्टिंग न छोड़ने की सलाह दी। कोच की बात मानकर वे आगे बढ़े और 2024 में हिमाचल प्रदेश में आयोजित यूथ नेशनल चैंपियनशिप के 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर खुद को साबित किया।

### मां के निधन ने कर दिया था हताश, चाचा-चाची बने ढाल

जब इसाक का प्रदर्शन शिखर की ओर बढ़ रहा था, तभी जिंदगी ने उन्हें एक और गहरा घाव दिया। उनकी मां को कैंसर होने का पता चला, जिससे परिवार पर भारी भावनात्मक और आर्थिक दबाव आ गया। कुछ ही समय बाद मां का भी निधन हो गया। माता-पिता दोनों को खोने के बाद इसाक पूरी तरह हताश हो गए थे। जो खेल कभी उन्हें उम्मीद देता था, वह भी बेमानी लगने लगा। अकेलेपन और दुख ने उन्हें घेर लिया। इस बेहद कठिन समय में आइजोल के रामह्लुन वेंगथर इलाके में एक छोटा सा रेस्तरां चलाने वाले उनके चाचा और चाची उनके लिए ढाल बनकर खड़े हुए। यह दंपति इसाक को अपने साथ ले आया और सुनिश्चित किया कि उसकी पढ़ाई और वेटलिफ्टिंग बिना किसी रुकावट के जारी रहे। अपने माता-पिता को खोना मुझे अंदर से खत्म कर गया था। मैंने लगभग तय कर लिया था कि वेटलिफ्टिंग छोड़ दूंगा, लेकिन मेरे चाचा और कोच ने एक बार फिर मुझे आगे बढ़ने का हौसला दिया। पिता के निधन के बाद से चाचा ही हर प्रतियोगिता में मेरे साथ जाते हैं। वे यहां रायपुर में भी मेरे साथ थे। जैसे ही मैंने स्वर्ण पदक जीता, उन्होंने खुशी से मुझे अपनी बाहों में उठा लिया। उस पल मुझे एहसास हुआ कि मेरी इस जीत से वे कितने खुश हैं।

## सिटी लाइव

# 'आशाजीत' में मानवीय मूल्यों परंपराओं का मार्मिक चित्रण



रायपुर। कोरी कल्पना नहीं, जिंदगी के तजुर्बे और सामाजिक घटनाओं का मार्मिक व भावनात्मक चित्रण 'आशाजीत' में करने का प्रयास किया है। लेखिका आशा पाठक 'बिट्टी' द्वारा लिखित 'आशाजीत' कहानी संग्रह 92 पन्नों में गुथा गया नाता-बाना है। इसमें समाज को आईना दिखाने वाली 27 कहानियां शामिल हैं। बचपन की यादें, भूख, राह देखती मां, काकाजी की छड़ी, चौखट, चवन्नी, चलो कहीं और चलें जैसे विषयों पर कहानियां लिखी गई हैं। सभी कहानियां रिश्तों, मानवीय मूल्यों व परंपराओं का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत करती हैं। समाज के बीच दम तोड़ते सांस्कृतिक मूल्यों और संवेदनाओं का बड़ा सजीव चित्रण कहानियों में दिखाई देता है। कुछ इसी तरह की बातें लेखिका ही नहीं, बल्कि मुख्य अतिथि के रूप में विमोचन के दौरान पं. रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल और हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कही।

### अगला प्रकाशन पाठकों की जिम्मेदारी

सिविल लाइन स्थित वृन्दावन हाल में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि इस उम्र में लेखन और उसका प्रकाशन परिवार का सराहनीय प्रयास है। हर कहानी में संवेदनाएं दिखाई देती हैं। लेखक के रूप में पहले प्रकाशन को उनकी जिम्मेदारी और अगले प्रकाशन को पाठकों की जिम्मेदारी बताया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में हिंदी ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि संग्रह में लघु कथाओं में बड़ी बात कही गई है। वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि पारंपरिक शब्दावली से गांव, समाज की मर्मस्पर्शी तस्वीर उकेरी गई है। अध्यक्षता आचार्य अमरनाथ त्यागी ने की। पुस्तक की समीक्षा डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने की है।

## इवेंट लाइव

# पोस्टर के जरिए स्वस्थ आहार स्वस्थ जीवन की दी जानकारी



रायपुर। पीएमश्री योजना के अंतर्गत अभियान स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन अभियान के तहत पीएमश्री में विभिन्न कार्यक्रम छात्रों को पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने, सरल विधियों का प्रदर्शन और खाद्य पदार्थों के पैकेट पर लिखे पोषण लेवल को पढ़ने व उसकी उसकी मात्रा को समझाया गया। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी पोस्टर मेकिंग और बिना आग के खाना पकाने जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शाला में पोषण कार्नर स्थल का निर्माण किया गया और मिलेट्स के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. तृप्ती द्विवेदी शासः आयुष चिकित्सा अधिकारी और डॉ. सरला बांधे शासः आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पोषण विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर संगीता सहायक चिकित्सा अधिकारी अधिकारी भी उपस्थित थी। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मान और पुरस्कार वितरण किया गया। शाला के. प्राचार्य राम सिंह द्वारा अतिथि विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। इस अवसर व्याख्यातागुलनाज बानो, धीरजा चौधरी, तारकेश्वरी साहू, छाया सिंह, हेमलता साहू, दीपिका बघेल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

● राजधानी के चर्च से अलग-अलग समय और रूट से निकले लोग, आज से पवित्र सप्ताह का हुआ आगाज

# हाथों में खजूर की डालियों को लेकर प्रभु यीशु के स्वागत में मसीही समाज ने निकाला भव्य जुलूस

हाथों में खजूर की डालियों को लेकर मसीही समाज के लोग प्रमुख पर्व पाम संडे की कड़ी में अलग-अलग क्षेत्र के प्रमुख चर्चों से जुलूस के रूप में रविवार को निकले। प्रभु यीशु का स्वागत करने के लिए सुबह 8 और 11 बजे दो प्रमुख चर्चों से निकाले गए जुलूस में सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए।







रायपुर। जुलूस में उपयोग किए जाने वाले खजूर की डालियों के संबंध में नितिन लॉरेंस ने बताया कि विजय की कामना करने और प्रभु के प्रति समर्पण के प्रतीक स्वरूप लोग पाम की डालियों को लेकर निकलते हैं। यह खजूर की तरह फलने-फूलने यानी सुख-समृद्धि के प्रतीक की तरह उपयोग किया जाता है। पाम संडे के संदर्भ में बताया कि इसे मसीही प्रमुख पर्व के रूप में मनाते हैं। प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की याद में हर साल पाम संडे पर जुलूस निकालने की परंपरा निभाई जाती है। इसे ईस्टर से पहले



रविवार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन से पवित्र सप्ताह की शुरुआत होती है। इस दिन खजूर की शाखाओं के साथ विशेष प्रार्थना की जाती है।

### पौन घंटे में बैरन बाजार स्थित महागिरजाघर पहुंचे लोग

बसंत कुमार ने बताया कि रविवार को सुबह 8 बजे शैलेंद्र नगर स्थित एपीएस प्रांगण से सैकड़ों की तादाद में मसीहीजन हाथों में खजूर की डालियों को लेकर जुलूस के रूप में भ्रमण के लिए निकले, जो पेंशनबाड़ा और पुलिस लाइन से होते हुए बैरनबाजार में संत जोसेफ महागिरजाघर पहुंचे। इसमें समाज के लोग सपरिवार शामिल होने के लिए सुबह सात बजे से तय स्थान पर जुलूस का हिस्सा बनने के लिए पहुंचने लगे थे। जुलूस के समापन के दौरान मुख्य याजक विशप विक्टर हेड्री ठाकुर, फादर सनास्ट्रीन, फादर जोसेफ मूलकरा, जॉन जेवियर ने प्रार्थना सभा की। इसके साथ ही पवित्र सप्ताह का शुभारंभ होने से अब विशेष प्रार्थना के साथ आयोजन भी होंगे।

### इन मार्गों से होते हुए सेंट पॉल्स पहुंचा मसीही जुलूस

सेंट पॉल्स कैथेड्रल से सुबह 11 बजे एक भव्य जुलूस निकाला गया। जो आकाशवाणी चौक, ओसीएम चौक, राजीव गांधी चौक, बैरन बाजार, छोटापारा होते हुए जुलूस आगे बढ़ा। इसमें मसीही समाज के लोग सैकड़ों की तादाद में लोग सपरिवार शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाजजनों को भी व्यवस्था बनाने जिम्मेदारी दी गई थी। जुलूस का समापन भ्रमण के बाद सेंट पॉल्स परिसर में ही दोपहर करीब एक बजे किया गया। इसमें विषप सुषमा कुमार सहित चर्च से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने जुलूस को सफल बनाने में सहभागिता निभाई। इस जुलूस में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की तादाद सबसे ज्यादा देखने को मिली।

### पाम संडे का खास महत्व यीशु का करते हैं स्वागत

प्रभु यीशु का विजयी प्रवेश इसी दिन होता है। श्री लॉरेंस ने बताया कि बाइबिल के अनुसार पाम संडे वह विशेष दिन है, जब यीशु मसीह यरूशलेम में दाखिल हुए और लोगों ने उनके स्वागत में खजूर की डालियां और कपड़े बिछाए थे। शांति के प्रतीक प्रभु यीशु के आने पर राजा के रूप में उनका स्वागत करने की परंपरा निभाई गई। साथ ही पवित्र सप्ताह की शुरुआत हुई। इस रविवार को ईस्टर (यीशु के पुनरुत्थान) से ठीक एक सप्ताह पहले मनाते हैं।

# दादाबाड़ी में पहली बार 1008 एकासना हुआ, बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने दिन में केवल एक बार किया भोजन



रायपुर। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा पहली बार रविवार को श्री जिनकुशल सूरी जैन दादाबाड़ी तीर्थ में 1008 एकासना का विशाल आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक समय भोजन का नियम अपनाकर साधना किया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों और धर्मप्रेमियों ने बड़ी संख्या में एकासना किया। इस दौरान दादाबाड़ी में मेहंदी राचन लागी, श्रमण वीर नाम री कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आकर्षक मेहंदी, गेम्स, संगीत और मनोरंजन की प्रस्तुतियों के साथ मेहंदी स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान निकिता लूनिया ने अपनी सुमधुर स्वर की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में आदिनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल, पारसनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल और प्रतिभा महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। साथ ही भगवान महावीर के जन्मोत्सव के अवसर पर नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। यह मंचन आधे घंटे का रहा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटिका का मंचन चंचल जैन, शालिनी जैन, काजल जैन, प्रिया जैन, धान्या जैन और शुभाली जैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंजली गोलछा और कृतिका जैन शामिल रहीं और वंदना धाड़ीवाल का महत्वपर्ण सहयोग रहा।

### देवेंद्र नगर में निकली प्रभात फेरी

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2026 का राजधानी में सकल जैन समाज द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी है। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न



विशेष आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को देवेंद्र नगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और धर्मप्रेमी शामिल हुए। प्रभात फेरी में भगवान महावीर का संदेश और जैन सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की सार्थक पहल की गई और सभा के दौरान संदेशों का वाचन किया गया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के अंतर्गत राजधानी के विभिन्न जैन मंदिरों से 15 दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जा रही है। महावीर जयंती तक हर दिन यह आयोजन किया जाएगा। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जैन ने जानकारी दी कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी है। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न विशेष आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़ रहे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की 21वीं बैठक सम्पन्न

# प्रदूषण के कारण जल स्रोत प्रभावित 30 प्रतिशत व्यर्थ हो रहा पेयजल



रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की 21वीं बैठक रविवार को कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभाकक्ष में हुई। जिसमें समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरुआत अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा द्वारा स्वयं से पहले आपके प्रेरणादायक संदेश के साथ की गई। उन्होंने स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य समन्वयक डॉ. नीता बाजपेयी ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसके प्रति जन-जागरूकता आवश्यक है। डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता को जन-अभियान के रूप में संचालित करने का सुझाव देते हुए विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।

### 30 प्रतिशत पेयजल व्यर्थ हो रहा

बैठक में ग्रीन आर्मी एनजीओ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सफाई, वृक्षारोपण तथा नशा मुक्ति जैसे कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। जल संरक्षण के संदर्भ में यह चिंता व्यक्त की गई कि बढ़ते प्रदूषण के कारण जल स्रोत प्रभावित हो रहे हैं तथा लगभग 30 प्रतिशत पेयजल व्यर्थ हो रहा है। इस पर समाधानात्मक पहल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने तथा प्लास्टिक बोतलों के प्रयोग को कम करने का संकल्प भी लिया गया। डॉ. रत्ना नशीने ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने अनुभव साझा किए।




राजधानी के प्रकृति प्रेमी घर की छत और बालकनी को हरा-भरा रखने नर्सरी की सुध ले रहे

# गर्मी में फुलवारी को सजाने नर्सरी में गेंदा, चमेली और बोगनवेलिया का क्रेज, नए गमले भी खरीद रहे लोग

रायपुर। गर्मी में कम पानी का उपयोग करने पर भी हरा-भरा रहने वाले देशी पौधों को प्रकृति प्रेमी घर की छत और बालकनी ही नहीं, बल्कि गार्डन को संवारने में रुचि ले रहे हैं। इस सीजन में भी गेंदा, चमेली, बोगनवेलिया जैसे पौधों का क्रेज है। नर्सरी संचालकों से इनकी मांग लोग सबसे ज्यादा कर रहे हैं, जबकि नर्सरी में देशी-विदेशी फूलों की भारी मांग है। इसमें बोगनविलिया, गेंदा, चमेली और हाइब्रिड गुलाब के पौधों को लोग ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। पानी कम सोखने वाले और तेज धूप में फलने-फूलने वाले पौधे जैसे पोर्टुलाका की मांग, घरों को हरा-भरा रखने के लिए बढ़ी है। साथ ही, रसोइयों में उपयोग आने वाले हर्बल पौधों को भी लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं।





### खरीद रहे सुगंध बिखेरने वाले पौधे व गमले

नर्सरी के मालिक दीपक अठवानी ने बताया कि ऐसे पौधों को प्रमुखता से बेच रहे हैं, जिन्हें कम पानी और कम रखरखाव की जरूरत होती है। हर्बल और खुशबूदार पौधों को गर्मियों में ताजगी के लिए लोग गमलों में सजाना पसंद करते हैं। उन्होंने बताया 40 से 100 रुपए की रेंज में पौधों को लेने के साथ ही 15 से 1200 रुपए प्रति नग की दर से प्लास्टिक और 750 से सात हजार की रेंज में लोग गमलों को भी खरीदते हैं। नए पौधे लेकर जाने वाले ज्यादातर लोग गमलों की डिमांड करते हैं।

### इन पौधों की गर्मी में लोग करते हैं पूछपरख

नर्सरी संचालक दीपक अठवानी ने बताया कि देशी पौधे में बोगनविलिया के विभिन्न रंग वाले पौधे पहली प्राथमिकता में हैं। इनके अलावा चमेली, गेंदा, मोंगरा और गुड़हल की मांग सबसे ज्यादा करते हैं। वहीं, विदेशी और हाइब्रिड पौधे में हाइब्रिड गुलाब और पोर्टुलाका को लोग विशेष रूप से घरों की सजावट के लिए कर रहे हैं। लोग इंडोर प्लांट्स के साथ तेज धूप को सहने वाले स्थायी फूलदार पौधों को प्राथमिकता दे रहे हैं। नर्सरी में देखभाल करने वाले अनुप बेहरा ने बताया कि कम देखभाल वाले पौधों को हमेशा रिस्पांस मिलता है।

## सिटी खेल

# छग लेजेंड प्रीमियर लीग में इनफिनिटी स्ट्रीमीफाई और हिटलर्स ने जीत के साथ किया टूर्नामेंट का आगाज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ लेजेन्ड प्रीमियर लीग (सीएलपीएल) के दूसरे संस्करण में 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लगभग 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहला टी20 मैच ब्लैक कैप जगदलपुर एवं इनफिनिटी स्ट्रीमीफाई के मध्य आरडीसीए मैदान रायपुर में सुबह 8 बजे से खेला गया। ब्लैक कैप जगदलपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। इनफिनिटी स्ट्रीमीफाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए। इनफिनिटी स्ट्रीमीफाई की ओर से राहुल तामस्कर ने 79 रन तथा रोहन चावडा ने 79 रनों का योगदान दिया। वहीं, ब्लैक कैप जगदलपुर की ओर से गंभीर जट तथा चंद्रशेखर खुंटे ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। 220 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लैक कैप जगदलपुर 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 218 रन ही बना पाई। ब्लैक कैप जगदलपुर की ओर से चंद्रशेखर खुंटे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 84 रन बनाए। साथ ही सुमित मिश्रा ने 79 रनों का योगदान दिया। इनफिनिटी स्ट्रीमीफाई की ओर से राहुल तामस्कर ने 3 विकेट प्राप्त किए। दूसरा मैच जेसीसी सिमगा विरुद्ध हिटलर्स खेला गया, जिसमें हिटलर्स ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

## होम डोकोर

# लीविंग रूम को ऐसे करें डेकोरेट, कम खर्च में ही पार्टी का मजा हो सकता है दोगुना



घरेलू पार्टी के लिए अगर आप अपने लीविंग रूम की सजावट करना चाहते हैं और वो भी कम खर्च में, तो चलिए हम आपको यहां कुछ टिप्स बताते हैं। ऐसे में, थोड़ी सी क्रिएटिविटी और स्मार्ट डेकोरेशन से आप अपने लिविंग रूम को खूबसूरत बना सकते हैं।

त्योहार या पार्टियों का मौका खुशियों, मिलनसारिता और उमंग से भरा होता है। बहुत से खास मौके पर लोग अपने घरों पर पार्टी रखते हैं। वहीं, मेहमानों का स्वागत करने के लिए घर का माहौल भी खुशनुमा बनाते हैं। इसके लिए किसी एक कमरे को डेकोरेट करके दोस्तों के साथ एंजॉय करते हैं। ऐसे में, अगर आप खास अवसर पर अपने लिविंग रूम को कम खर्च में खूबसूरत और आकर्षक बनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ आसान आइडियाज दिए गए हैं। खास बात यह है कि यहां पर बजट-फ्रेंडली रूम डेकोरेशन आइडियाज दिए गए हैं। लिविंग रूम को डेकोरेट करने के तरीके के बारे में जान लेते हैं।

### खास मौके पर करें लीविंग रूम को ऐसे डेकोरेट



कमरों की सजावट को खास बनाने के लिए एक कलर थीम चुनें। ग्रीन, गोल्डन और सफेद रंगों का संयोजन इस त्यौहार के लिए एकदम सही रहेगा। कुशन कवर, टेबल कवर और पर्दों को इसी थीम में बदल सकते हैं।

### फ्लोर सेटअप और कारपेट्स

लिविंग रूम के फर्श को नया लुक देने के लिए पारंपरिक या मॉडर्न स्टाइल के कारपेट्स बिछाएं। अगर जगह कम है तो कुछ फ्लोर कुशन रखकर अरबी स्टाइल का माहौल बना सकते हैं।

### सेंटर टेबल को करें खास

सेंटर टेबल पर एक खूबसूरत टेबल रनर, कैंडल होल्डर और फूलों की सजावट करें। आप स्पेशल मिठाइयों की ट्रे भी रख सकते हैं ताकि यह आकर्षक और उपयोगी लगे।

### लाइटिंग से बढ़ाएं रौनक

घर की सजावट में रोशनी का अहम योगदान होता है। फेयरी लाइट्स, मोमबत्तियां और छोटी-छोटी लैम्प्स का इस्तेमाल करें ताकि आपका लिविंग रूम चमक उठे। दीवारों पर एलईडी लाइट्स लगाकर एक खूबसूरत लुक दे सकते हैं।

### खुशबू से महकाएं घर

मेहमानों को एक अच्छा अनुभव देने के लिए घर को सुगंधित बनाने पर ध्यान दें। अत्तर, धूपबत्ती या एसेंशियल ऑयल डिफ्यूज़र का इस्तेमाल करें जिससे एक सुकून भरा माहौल बने।

### मिनी फोटो बूथ बनाएं

अगर आप पार्टी को और मजेदार बनाना चाहते हैं, तो एक छोटा सा फोटो कॉर्नर बनाएं। इसमें मुबारकबाद के प्रॉप्स और बैकग्राउंड डेकोरेशन जोड़ें ताकि मेहमान यहां तस्वीरें क्लिक कर सकें। घर पर पड़े पुराने सामान का इस्तेमाल करके डेकोरेशन करें। पेपर लैंटर्न, फूलों की माला, और हैंडमेड वॉल हैंगिंग से आपका लिविंग रूम सुंदर और बजट-फ्रेंडली लगेगा।

### आर्ट और वॉल डेकोर

दीवारों पर आर्टवर्क, कैलिग्राफी या मुबारकबाद के बैनर लगाएं। इसके अलावा, डीआईवाई वॉल हैंगिंग और पेंटिंग्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे आपकी सजावट अनोखी लगेगी।

## शरीर से मिलने वाले संकेत होते हैं गंभीर रोगों की तरफ इशारा


# दिल की तकलीफ शुरू होने से पहले शरीर देता है कई संकेत, इन्हें पहचानिए और शुरु कर दीजिए उपचार

हृदय रोग वैश्विक स्तर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। आंकड़ों के मुताबिक कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) हृदय रोग का सबसे आम प्रकार है, जिससे 2025 में 4.75 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। 20 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 20 वयस्कों में से लगभग 1 को (लगभग 5%) इस समस्या का जोखिम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित कई प्रकार की समस्याओं के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं, तब तो और भी अधिक जब वह हृदय रोग विशेषज्ञ के पास जाना हो। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर निदान होने से हृदय की संभावित गंभीर समस्याओं के जोखिमों को कम करने और रोगी की जान बचाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर सभी लोगों को सालाना दो बार अपने हृदय की जांच कराने की सलाह देते हैं, भले ही आपको कोई हृदय रोग न हो।

### युवाओं में हृदय रोगों की समस्या



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवा लोगों (उम्र 35-64) में हृदय रोगों के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। वैसे तो इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर प्रमुख है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रोपिर्ट के मुताबिक लगभग आधे अमेरिकियों में हृदय रोग के लिए शीर्ष तीन जोखिम कारकों (उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और धूम्रपान) में से कम से कम एक की दिक्कत है।

डॉक्टर कहते हैं, कुछ स्थितियां हैं जो संकेत देती हैं कि आपके हार्ट में कोई समस्या हो सकती है, जिसको लेकर शीघ्रता से किसी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए।

### अक्सर फूलती है सांस?



यदि आप अक्सर सांस की तकलीफ का अनुभव करते रहते हैं तो इसे हृदय की समस्या के संकेत के तौर पर देखा जाना चाहिए। इस समस्या को चिकित्सकीय रूप से डिस्पेनिया कहा जाता है। इस तरह की स्थिति को गंभीर माना जाता है जिसमें अधिक देरी न करें और डॉक्टर से मिलें। हृदय से जुड़ी, सांस संबंधी समस्याएं अक्सर घरेलू काम करने और यहां तक कि सीढ़ियां चढ़ने जैसी स्थितियों में काफी बढ़ जाती है।

### छाती में दर्द

सीने में दर्द एक प्रमुख संकेतक है कि आपके हृदय में कुछ समस्या हो सकती है। अक्सर सीने में बने रहने वाले दर्द को नजरअंदाज न करें और न ही इसे ओवर-द-



काउंटर दवाओं से दबाने की कोशिश न करें। जिन लोगों का कोलेस्ट्रॉल या ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें हृदय रोगों का खतरा अधिक हो सकता है। ऐसे रोगियों को अक्सर सांस फूलने, सीने में दर्द की समस्याओं को अनुभव हो सकता है। इस तरह के लक्षणों को हल्के में लेने की गलती नहीं की जानी चाहिए।

### क्या आपकी है सेंडेंटरी लाइफस्टाइल?

सेंडेंटरी लाइफस्टाइल या दिन का अधिकतर समय अगर आपका बैठे-बैठे बीत जाता है तो सावधान रहें, ये स्थिति भी हृदय रोगों के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। अधिक समय तक बैठे रहना आपको शारीरिक रूप से निष्क्रिय बना देता है जो हृदय के लिए हानिकारक है। यदि आपकी जीवनशैली निष्क्रिय है, तो आपको नियमित रूप से अपने दिल की जांच करानी चाहिए। इस जोखिम के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करना बहुत आवश्यक है।



# टॉयलेट में सेल फोन का इस्तेमाल हो सकता है घातक

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो टॉयलेट में बैठने के दौरान फोन की स्क्रीन को स्क्रॉल करते रहते हैं? अगर हां तो यकीन मानिए आप अकेले ऐसे नहीं हैं। जिन लोगों को टॉयलेट में ज्यादा वक्त लगता है वह इस तरह के कई तरीके पहले से अपनाते रहे हैं। यह बहुत पहले की बात नहीं है जब अमेरिकी बाथरूम में पत्रिकाओं के लेटेस्ट अंक रखे जाने शुरू हो गए थे। इसे समय के उपयोग करना कहें या फिर पेट को साफ करने में अधिक समय लगने की मजबूरी, लेकिन बड़ी संख्या में आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो टॉयलेट में अखबार या फोन लेकर जाते हैं और लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करते रहते हैं।

पर क्या आप जानते हैं कि इस एक आदत के कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं? यह कई तरह के संक्रमण के बार-बार होनो और बीमारियों को बढ़ाने वाली आदत हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप भी ऐसा करते हैं तो अब भी देर नहीं हुई है, तुरंत इस आदत को छोड़ दें।

### क्यों हानिकारक है ये आदत?

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं, टॉयलेट की सीट और वहां मौजूद चीजें जैसे बाल्टी-मग आदि पर लाखों वायरस-बैक्टीरिया हो सकते हैं। जब आप इनके इस्तेमाल के बाद फोन को छूते हैं तो हाथों के माध्यम से बैक्टीरिया आपको फोन पर चिपक जाते हैं। इसका एक जोखिम यह भी है कि आपका स्मार्टफोन शौच में



मौजूद बैक्टीरिया से दूषित हो सकता है।

इस तरह के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने फोन में ई.कोलाई और अन्य माइक्रोबियल की मौजूदगी का पता लगाया। ब्रिटेन के एक शोध अध्ययन में पाया गया कि औसत स्मार्टफोन स्क्रीन पर टॉयलेट सीट से भी ज्यादा बैक्टीरिया हो सकते हैं।

### कीटाणुओं का वाहक बन सकता है आपका फोन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं जो फोन आप टॉयलेट से बाहर लेकर आते हैं उसका अगर परीक्षण किया जाए तो यह कीटाणुओं के घर जैसा दिख सकता है। हम अपने हाथों को तो धो लेते हैं पर फोन को साफ नहीं करते हैं। ऐसे में लंबे समय तक जर्म्स फोन की स्क्रीन पर रह सकते हैं और जब-जब इसपर हाथ लगाते हैं तो उसके माध्यम से ये नाक और मुंह के रास्ते पेट में जा सकते हैं।

### इससे कब्ज का भी बढ़ जाता है जोखिम

टॉयलेट में लंबे समय तक फोन के इस्तेमाल के कारण कब्ज होने का खतरा हो सकता है, क्योंकि आपका शरीर बाथरूम में बहुत लंबे और अप्राकृतिक समय तक बैठने का आदी हो जाता है। इसके अलावा, वॉशरूम में आपका 30 मिनट तक बैठने का समय बवासीर का भी खतरा बढ़ा देता है।

### इस आदत से कैसे पाएं छुटकारा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सबसे पहले केवल तब तक ही शौचालय पर बैठना चाहिए जब तक आपकी वास्तविक जरूरत हो। यदि कुछ मिनटों के बाद मल त्याग नहीं होता है, तो जबरदस्ती बैठे रहने का लाभ नहीं है। जब आप बहुत देर तक प्रयास करते रहते हैं असल में इसी समय फोन की आवश्यकता होती है। इसके बजाय उठिए और कुछ और करिए। जब आपको दोबारा जाने की इच्छा हो, तो आप शौचालय में जाएं।



# सीआईएसएफ और यूआरएम पहुंचे फाइनल में, आज भिड़ंत



भिलाई। बीएसपी के फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहला सेमीफाइनल मैच पीबीएस एवं यू आर एम (टी एन डी) के मध्य खेला गया। परिणाम यूआरएम (टी और डी) ने 6 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विमल रहे। बल्लेबाजी में पीबीएस ने चार विकेट पर 105 रन बनाए। आनंद माधव ने 39 रन बनाए। कप्तान अर्जुन ने नॉट आउट 22 रन और नीरज गावड़े ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में यूआरएम (टीएडडी) के कप्तान विमल ने दो और जयप्रकाश आर्य ने एक रन बनाए। एक खिलाड़ी रन आउट और एक खिलाड़ी रिटायर्ड हुआ। बल्लेबाजी में यूआरएम (टीएनडी) ने 4 विकेट पर 111 रन बनाए। कप्तान विमल ने 26 रन, वीरेंद्र ने नॉट आउट 22 रन और अरविंद सिंह ने 22 रन और चंदन ने नॉट आउट 14 रन बनाएं। गेंदबाजी में पीबीएस विशेष ने दो, नीरज गावड़े एवं अर्जुन ने एक-एक विकेट लिए। दूसरा सेमीफाइनल मैच ब्लास्ट फर्नेस एवं सीआईएसएफ के मध्य खेला गया। परिणाम स्वरूप सीआईएसएफ ने 9 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच संदीप तिवारी रहे। बल्लेबाजी में ब्लास्ट फर्नेस ने 8 विकेट पर 99 रन बनाएं बनाएं। एस महेश ने 32 और शिवम गोयल ने 22 रन बनाए बनाएं। गेंदबाजी में सीआईएसएफ के तेजा ने तीन विकेट, संदीप तिवारी ने दो दुर्गेश सिंह एवं शिवा ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में सीआईएसएफ ने एक विकेट पर 100 रन, अरुण यादव ने नॉट आउट 43 रन और संदीप तिवारी ने नाट आउट 39 रन बनाए बनाएं। गेंदबाजी में ब्लास्ट फर्नेस के एस महेश ने एक विकेट लिए बनाएं। मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं तरुण नायक, स्कोरर अनिल सिंह एवं मिथुन, पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह थे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल 30 मार्च सोमवार को सीआईएसएफ एवं यूआरएम (टीएनडी) के मध्य खेला जाएगा।

### सानिध्य के नाबाद 129 रन



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 21 फरवरी से जारी है। प्रतियोगिता का चार दिवसीय फाइनल मैच रविवार से शुरु हुआ। पहले दिन रायपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू रायपुर एवं रायपुर बलू के मध्य बी एस पी मैदान सिविक सेंटर में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 77.3 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 317 रन बनाए। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने नाबाद 129 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रतीक याद्व ने 62 रन तथा शाश्वत शारदा ने 39 रन बनाये।

# घर में नकारात्मकता ऊर्जा न रहे अपनाएं वास्तु उपाय

कई अनजानी बुरी आदतें घर में वास्तु दोष उत्पन्न कर देती हैं। ऐसे में अगर आप अपने जीवन में सुख-समृद्धि चाहते हैं तो अपनी इन आदतों को बदल लीजिए।

सही नींद सही सेहत

अच्छी सेहत पाने के लिए रात को जल्दी सोना और सुबह जल्दी जागने की बात कही गई है।लेकिन देर से सोना और देर से उठना दोनों ही आदतें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों से यह स्पष्ट हो चुका है कि जल्दी उठना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है इससे दिमाग की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं जिससे दिमाग तेज होता हैं और याददाश्त अच्छी बनी रहती हैं।

**छत की सफाई :** अधिकांश घरों में छत की सफाई को लेकर लोगों की आदत होती है कि कौन देखता है,पर छत पर कबाड़ पड़ा होने से वास्तुदोष उत्पन्न होता है। यहां किसी भी प्रकार के बांस या लोहे का जंग लगा हुआ सामान या फिर टूटी कुर्सियां इत्यादि फालतू सामान कभी न रखें। जिन लोगों के घरों की छत पर अनुपयोगी सामान रखा होता है, वहां नकारात्मक शक्तियां अधिक सक्रिय रहती हैं, उस घर में रहने वाले लोगों के विचार नकारात्मक होते हैं एवं परिवार में भी मनमुटाव की स्थितियां बन सकती हैं।

**झाड़ू के नियमः** घर में साफ-सफाई और स्वच्छता बहुत जरूरी है। झाड़ू का उपयोग उचित समय पर और आवश्यकता अनुसार करना चाहिए, जैसे सुबह और शाम, ताकि घर साफ और सुव्यवस्थित रहे।



## कार्नर न्यूज

## आज देश के ज्यादातर लोग हाजमा खराब होने से परेशान

# हाजमा दुरुस्त नहीं होने से हैं परेशान तो आहार में शामिल करिए फल, मिलने लगेगा जल्द लाभ

पाचन की समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और दस्त होना काफी कॉमन है, यह कई कारणों से हो सकता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को इसके प्रमुख कारणों में से एक माना जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो पाचन की ये दिक्कतें सामान्य दवाओं और घरेलू उपचार से आसानी से ठीक हो जाती हैं, पर कुछ स्थितियों में ये गंभीर अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकती हैं, ऐसे में अगर आपको कुछ समय से इस तरह की दिक्क्तें अक्सर बनी रहती हैं तो इसपर ध्यान देना और समय रहते उपचार कराना बहुत जरूरी हो जाता है।

डॉक्टर कहते हैं, अपने पाचन तंत्र को प्राकृतिक रूप स्वस्थ रखने के प्रयास करते रहना सभी लोगों के लिए आवश्यक है। पेट को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर तरीका है कि आप आहार में अधिक से अधिक मात्रा में फाइबर वाली चीजों को शामिल करें। कुछ फल, फाइबर से भरपूर होते हैं जो पाचन में सुधार करने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं। इनका सेवन करने से आपको लाभ मिल सकता है।



**सेब आपके लिए कई प्रकार से लाभकारीः** सेब को हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी फलों में से एक माना जाता है, कहावत भी रही है कि रोजाना एक सेब खाने वाले लोगों को डॉक्टर की जरूरत कम पड़ती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ये फल आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। सेब में पेक्टिन फाइबर की मात्रा अधिक होती है और पेक्टिन कब्ज और दस्त दोनों से राहत प्रदान कर सकता है। पेक्टिन अपनी घुलनशील प्रकृति और शरीर में कोलेस्ट्रॉल या विषाक्त पदार्थों को कम करने के लिए भी जाना जाता है।

### कीवी फल से पाचन को लाभ

कीवी फल विटामिन-सी के सबसे अच्छे स्त्रोतों में से एक है, यही कारण है कि इसे बेहतर इम्युनिटी वाले फलों में से एक माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि यह फल आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी हो सकता है?

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कीवी फल, डायट्री फाइबर का अच्छा स्त्रोत है, ऐसे में इसके सेवन से पेट की कई समस्याओं के खतरे को कम किया जा सकता है। कीवी फल में एक्टिनिडिन नामक एंजाइम भी होता है जो प्रोटीन का बेहतर पाचन करने में सहायक है।



### केले पेट के लिए बहुत फायदेमंद

केले, अपनी उच्च मात्रा में फाइबर वाले गुणों के लिए जाने जाते हैं, घरेलू उपचार के तौर पर भी दस्त और अपच की समस्या में केले के सेवन की सलाह दी जाती रही है। आंत की समस्याओं के जोखिमों को कम करने और पाचन प्रक्रिया को तेज करने के लिए केले का सेवन किया जा सकता है। केले में एनाटासिड प्रभाव भी होता है जो पेट की परत में बनने वाले अल्सर से पेट की रक्षा करता है।

### आम भी आपके लिए लाभकारी

आम खाना भी आपके पेट के लिए लाभकारी फलों में से एक है, यह विटामिन-सी के सबसे अच्छे स्त्रोतों में से भी है, यही कारण है कि इसे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला माना जाता है।

## खबर संक्षेप



### मजदूरों, चरवाहों और ग्रामीण कारीगरों को मिले प्रमाण पत्र

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा प्ररम्भ की गई दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत तिल्दा में भूमिहीन मजदूरों, चरवाहों और ग्रामीण कारीगरों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

तिल्दा विकासखंड के जनपद पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति सरोज चंद्रवंशी,,स्वाती वर्मा और शैल महेंद्र साहू की गरिमामयी उपस्थिति में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ने कहा कि भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को मिलेगा इस योजना से मजदूर परिवारों की आय में वृद्धि होगी l इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पत्र परिवार को प्रतिवर्ष 10000 की राशि प्रदान की जाएगी

इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) आशुतोष देवांगन ,तहसीलदार ,राम प्रसाद बघेल, तहसीलदार खरोरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार तिल्दा विकासखंड में कुल 9030 भूमिहीन कृषि मजदूर इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित होंगे।

### जसगीतों की धुन पर जवारा किया विसर्जित

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत फरफौद में शुक्रवार को तीन ग्रामीणों के घरों में बोए गए माता के ज्वारों का विसर्जन पूरे विधि-विधान और धूमधाम के साथ किया गया।



इस दौरान पूरा गांव भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

शुक्रवार की सुबह जैसे ही विसर्जन यात्रा शुरू हुई, जस गीतों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया। मांदर और झांझ की थाप पर श्रद्धालु झूमते-गाते विसर्जन स्थल की ओर बढ़े। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं ने शिरकत की। पारंपरिक गीतों और माता की सेवा के बीच ग्रामीणों ने सुख-समृद्धि की कामना की। गौरतलब है कि ग्राम के तीन घरों में श्रद्धापूर्वक ज्वारा बोए गए थे। नौ दिनों तक सेवा और आराधना के बाद शुक्रवार को विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विसर्जन मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने माता के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

### गर्मी से देगी राहत, पीपला ने बनाया आशियाना



**आरंग।** नगर में जनसेवा और कई रचनात्मक कार्यों से मिसाल पेश करने वाली संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने एक और उदाहरण प्रस्तुत किया है। रविवार को संस्था के सेवाभावी सदस्यों ने आरंग-राजिम मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के पास राहगीरों को चिलचिलाती धूप से राहत पहुंचाने के लिए एक अस्थायी आशियाना बनाया है, जहां फाटक बंद होने पर राहगीर कुछ देर छांव में रुककर राहत ले सकें।

फाउंडेशन के संयोजक महेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि यहां एक घंटे में चार से पांच बार फाटक बंद हो जाता है। चिलचिलाती धूप में छांव के लिए आसपास कोई घर या प्रतीक्षालय नहीं है, जहां फाटक बंद होने पर राहगीर कुछ देर ठहर सकें। यहां पानी का भी कोई इंतजाम नहीं है। अधिकतर बार दो ट्रेनों की पासिंग होती है, जिससे फाटक खुलने में पंद्रह-बीस मिनट भी लग जाते हैं। स मौके पर फाटक से गुजर रहे सीआरपीएफ कैंप भिलाई के सहायक कमांडेंट अजय कुमार सिंह एवं राजकुमार चितला ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की।

# सद्गुरू बाबा शाह कल आएंगे, माधव दरबार से निकली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

कटनी मध्य प्रदेश स्थित हरे माधव दरबार के प्रमुख संत जीवन मुक्त सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह के 31 मार्च को तिल्दा आगमन के पहले रविवार को तिल्दा हरे माधव परिवार ने सुबह हरे माधव दरबार से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।. सुबह 5 दरबार से शुरू हुई फेरी संत कंवरराम चौक से होकर शहर का भ्रमण कर स्टेशन चौक पहुंची। यहां से दुर्गा मंदिर होते हुए हरे माधव दरबार में आकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में आगे-आगे महिलाए सफाई करते हुए चल रही थी, वहीं पीछे डीजे पर बाबा जी के भक्ति वाले भजनो पर भक्तगण नाचते जयकारे लगते चल रहे थे. । इस दौरान जहा से प्रभात फेरी गुजरी वहां पूरा इलाका हरे माधव के जयकारे से गूंजायमान होता रहा।,प्रभात फेरी में मुख्य रूप से हरे माधव दरबार तिल्दा के यश भागवानी, मोतीराम देवानी, टीकम निहिचलानी,दीपक निहिचलानी,





मानिक कोडवानी, अमित कुकरेजा ,नरेश कृपलानी,भीमसेन खूबचंदानी ,टीकम देवानी, लक्ष्मण भागवानी. भगवान दास कृपलानी,अविनाश निहिचलानी,,देवीदास देवानी,भगवानदास कोदस्व्स्नी,मनोज वीरानी ,मोहन देवानी. हरीश वहेजा,अनीता भगवानी,पुष्पा हरिरामानी ,नेहा कृपलानी ,लता देवानी ,ज्योति कृपलानी ,कोमल मंगवानी .भूमि देवानी, शालिनी देवानी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. lमंगलवार को संत ईश्वर शाह के आगमन को लेकर जोरदार तैयारी की जा रही है,हरे माधव परमार्थ सत्साग समिति ब्रांच तिल्दा के यश भागवानी, मोतीराम देवानी,ने बताया की सद्गुरु ईश्वर शाह साहिब का सौरब पार्क में सत्सग का भव्य आयोजन किया गया है lसदगुरु संत ईश्वर शाह के आगमन को लेकर जोरदार तैयारिया की गई है,। सद्गुरु के दर्शन एवं सत्संग श्रवण करने तिल्दा नेवरा शहरव आसपास के साथ रायपुर, बिलासपुर भाटापारा ,दुर्ग कोरबा महाराष्ट्र मध्य प्रदेश सभी बड़ी संख्या में संगत पहुंचेगी.

## हादसा : करंट के झटके ने छीनी जान, सुरक्षा मानकों की दिखी कमी

# केसदा की फैक्ट्री में 35 फीट की ऊंचाई से गिरे 2 श्रमिक, एक की मौत, दूसरा कोमा में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा/हथबंद

औद्योगिक क्षेत्र केसदा स्थित स्वदेश मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड में सुरक्षा व्यवस्था की भारी लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा सामने आया है। शनिवार को फैक्ट्री में काम के दौरान लगभग 35 फीट की ऊंचाई से करंट का झटका लगने के कारण दो मजदूर नीचे गिर गए। इस भीषण दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी रायपुर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। घटना के बाद से ही फैक्ट्री प्रबंधन की कार्यप्रणाली और मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झिरिया निवासी वासुदेव ध्रुव और परमेश्वर ध्रुव फैक्ट्री में ऊँचाई पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली का जोरदार झटका लगने से दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे लगभग 35 फीट की ऊँचाई से कंक्रीट के फर्श पर आ गिरे। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने के कारण वासुदेव ध्रुव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, परमेश्वर ध्रुव की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है; डॉक्टरों के अनुसार वे वर्तमान में 'कोमा' में हैं और वेंटिलेटर के सहारे उनकी सांसें चल रही हैं।





### सुरक्षा उपकरणों का अभाव

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इतनी अधिक ऊँचाई पर काम करने के बावजूद मजदूरों को न तो सुरक्षा बेल्ट मुहैया कराए गए थे और न ही हेलमेट या अन्य सुरक्षा उपकरण। यदि मजदूरों के पास उचित सुरक्षा साधन होते, तो शायद वासुदेव की जान बच सकती थी। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उत्पादन के चक्कर में श्रमिकों की जान को जोखिम में डालना अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

### मुआवजे पर समझौता या मजबूरी?

घटना के तुरंत बाद मृतक के परिजनों और कंपनी प्रबंधन के बीच बंद कमरे में मुआवजे को लेकर बातचीत हुई। कंपनी ने परिजनों को 2 लाख रुपये नकद दिए हैं। 3 लाख रुपये दशगात्र कार्यक्रम के दौरान देने का आश्वासन दिया गया है। मृतक के पिता को उनकी योग्यता के अनुसार कंपनी में नियमित नौकरी देने की बात कही गई है। औद्योगिक नियमों के तहत मिलने वाला मुआवजा 2 महीने के भीतर दिलाने का भरोसा दिलाया गया है।

### क्षेत्रीय मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार

हालांकि, इस समझौते से स्थानीय ग्रामीण और मृतक के परिजन संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा दी गई सहायता राशि एक अनमोल जीवन की कीमत के सामने ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि बाहरी कंपनियों द्वारा क्षेत्रीय मजदूरों की जान को बेहद सस्ता समझा जा रहा है। 2-5 लाख रुपये देकर एक परिवार का सहारा छीन लेना न्याय नहीं है, यह स्वर अब पूरे झिरिया और केसदा क्षेत्र में गूंज रहा है।

# बोहरीधाम मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मांढर

बोहरही धाम मंडल धरसींवा में दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 29 मार्च को सुबह 9:30 बजे मंगल भवन टांडा सिलतरा में किया गया। युवा मोर्चा द्वारा कार्यकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। महिला मोर्चा द्वारा सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों का स्वागत किया गया।

राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा से जोड़ना तथा वैचारिक सुदृढ़ीकरण करना है। प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्र के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता, युवा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

बोहरही धाम मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने बताया कि यह महाभियान पूरे भारत में संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर संगठन की कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

इन्होंने दिया प्रशिक्षण : सत्र के प्रथम दिवस में प्रशिक्षण देने के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ,ओबीसी प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा ,विधायक अनुज शर्मा,अवधेश जैन , जिला उपाध्यक्ष उत्पल साहू ,अभिनेष बाबी कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। बोहरही धाम मंडल में कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अनिल बने संयोजक







**अभनपुर\ आरंग ।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ रायपुर ग्रामीण में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल अग्रवाल को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं मंदिर हसौद क्षेत्र की अधिवक्ता श्रीमती शीतला बैस एवं आरंग क्षेत्र के अधिवक्ता कौशल सोनकर को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।नवनियुक्त जिला संयोजक अनिल अग्रवाल पूर्व में भारतीय जनता पार्टी अभनपुर मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे राजनीतिक क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज राजिम-अभनपुर इकाई के अध्यक्ष, तदर्थ तहसील अधिवक्ता संघ अभनपुर के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत अभनपुर में सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर अनिल अग्रवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक इन्द्र कुमार साहू, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बृजेश पांडे तथा रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस नियुक्ति पर प्रदीप शर्मा, प्रवीण बजाज, विवेक तिवारी, शंकरलाल चंद्राकर, संचित तिवारी, व्यास नारायण साहू, नारायण यादव, पारस साहू,मंडल अध्यक्ष भरत बैस, सूरज साहू, गौरव शर्मा, रोहित कुर्रे, हेमंत तारक, राजा राय, संदीप बैस, चेतना गुप्ता, राधेश्याम साहू, अपूर्व चौबे, मुकुंद मेश्राम, अनिल साहू , माधो मिरी, लौटन गिलहरे, वरुण राठी, झड़ी राम पटेल, वीरेन्द्र साहू, ज्ञानप्रकाश चंद्राकर, फिरोज सेन, रानू शर्मा, समीर यदु, दिनेश धीवर, गुलशन साहू, बुद्धेश्वर साहू सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# मक्के की आड़ में गांजे की खेती चिंताजनक विषय : डा. डहरिया

**आरंग।** छत्तीसगढ़ में मक्के के खेतों के बीच गांजे की अवैध खेती के खुलासे के बाद प्रदेश की राजनीति में घमासान तेज हो गया है। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश में लगातार नशे की अवैध खेती के मामले सामने आना बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि खेतों में क्या उग रहा है, इसकी जानकारी खुद सरकार को नहीं है। उन्होंने मक्के की आड़ में गांजे की खेती को प्रशासन की बड़ी विफलता बताते हुए कहा कि यह या तो लापरवाही का नतीजा है या फिर जानबूझकर आंखें मूंद लेने का मामला है। डहरिया ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब अन्नदाता के खेतों में मक्के की जगह "जहर" उगाया जा रहा है।

दो किसानों की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल छोटे स्तर की कार्रवाई है, जबकि इसके पीछे किसी बड़े नेटवर्क की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर "सफेदपोश" लोगों को बेनकाब किया जाए।डॉ. डहरिया ने आगे कहा कि प्रदेश में पहले भी अलग-अलग फसलों की आड़ में नशे की खेती के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन सरकार ने कोई ठोस सबक नहीं लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी गतिविधियां बिना निगरानी के कैसे चल रही हैं और क्या नशा माफियाओं को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो छत्तीसगढ़ में नशे की खेती एक खतरनाक प्रवृत्ति बन सकती है।

# मंत्री गुरु खुशवंत के जन्मदिन के शिविर में 800 मरीजों का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग



जनसेवा और लोक कल्याण के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का जन्मदिन भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर आरंग क्षेत्र के पीएम श्री अरुंधती उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। क्योरबे और श्री नारायणा हॉस्पिटल की संयुक्त सहभागिता से आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया। इसके पश्चात उन्होंने खुद भी स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जनता को जागरूक किया।

- मंत्री ने समारोह में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मंत्री ने कहा कि आरंग को शिक्षा एवं स्वास्थ्य मॉडल बनाने की बात कहते हुवे अधिक से अधिक शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि सेवा का संस्कार उन्हें विरासत में डाक्टर पिता से मिला है तथा श्री नारायणा और क्योरबे की मेडिकल टीम की सराहना की। आयोजन के सूत्रधार श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ सुनील खेमका ने कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वास्थ शिविर के बारे में जानकारी दी। शिविर लगभग 800 से अधिक लोगों ने निशुल्क उपचार का लाभ उठाया और दवाइयां भी प्राप्त कीं। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, स्वास्थ्य सभापति भानमती राकेश सोनकर, क्योरबे मैनेजिंग टीम सलाहकार भूपेंद्र सिंग और प्राचार्य संध्या रानी बारीक उपस्थित रहीं। मंच का सफल संचालन शिक्षक अरविंद वैष्णव और श्री नारायणा हॉस्पिटल के जीएम अतुल सिंघानिया ने किया। इस दौरान क्योरबे छत्तीसगढ़ प्रमुख नवीन सिंग, डॉ. संजना खेमका, डॉ राम खेमका, डॉ आलोक श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट मैनेजर शिव गौतम, युवराज खेमका सहित क्षेत्र के अनेक पार्षद गण नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, राकेश सोनकर, तोषण साहू, राकेश शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता साहू,वरिष्ठ गण के के भारद्वाज, अशोक चंद्राकर, वेदराम खूंटे, गणेश साहू, चंद्रशेखर साहू,पंकज शुक्ला, सतीश सोनकर,संतोष चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, खूबचंद साहू, पूनम चंद साहू, मनोज तंबोली आदि उपस्थिति रहे।

## पीबीएस ने चार विकेट पर 105 रन बनाए

# सीआईएसएफ और यूआरएम पहुंचे फाइनल में, आज भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



बीएसपी के फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहला सेमीफाइनल मैच पीबीएस एवं यू आर एम (टी एन डी) के मध्य खेला गया। परिणाम यूआरएम (टी और डी) ने 6 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विमल रहे। बल्लेबाजी में पीबीएस ने चार विकेट पर 105 रन बनाए। आनंद माधव ने 39 रन बनाए। कप्तान अर्जुन ने नॉट आउट 22 रन और नीरज गावड़े ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में यूआरएम (टीएडडी) के कप्तान विमल ने दो और जयप्रकाश आर्य ने एक रन बनाए। एक खिलाड़ी रन आउट और एक खिलाड़ी रिटायर्ड हुआ। बल्लेबाजी में यूआरएम (टीएनडी) ने 4 विकेट पर 111 रन बनाए। कप्तान विमल ने 26 रन, वीरेंद्र ने नॉट आउट 22 रन और अरविंद सिंह ने 22 रन और चंदन ने नॉट आउट 14 रन बनाएं। गेंदबाजी में पीबीएस विशेष ने दो, नीरज गावड़े एवं अर्जुन ने एक-एक विकेट लिए। दूसरा सेमीफाइनल मैच ब्लास्ट फर्नेस एवं सीआईएसएफ के मध्य खेला गया। परिणाम स्वरूप सीआईएसएफ ने 9 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच संदीप तिवारी रहे। बल्लेबाजी में ब्लास्ट फर्नेस ने 8 विकेट पर 99 रन बनाएं बनाएं। एस महेश ने 32 और शिवम गोयल ने 22 रन बनाए बनाएं। गेंदबाजी में सीआईएसएफ के तेजा ने तीन विकेट, संदीप तिवारी ने दो दुर्गेश सिंह एवं शिवा ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में सीआईएसएफ ने एक विकेट पर 100 रन, अरुण यादव ने नॉट आउट 43 रन और संदीप तिवारी ने नाट आउट 39 रन बनाए बनाएं। गेंदबाजी में ब्लास्ट फर्नेस के एस महेश ने एक विकेट लिए बनाएं। मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं तरुण नायक, स्कोरर अनिल सिंह एवं मिथुन, पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह थे।

इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल 30 मार्च सोमवार को सीआईएसएफ एवं यूआरएम (टीएनडी) के मध्य खेला जाएगा।

### सानिध्य के नाबाद 129 रन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 21 फरवरी से जारी है। प्रतियोगिता का चार दिवसीय फाइनल मैच रविवार से शुरु हुआ।



पहले दिन रायपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू रायपुर एवं रायपुर बलू के मध्य बी एस पी मैदान सिविक सेंटर में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 77.3 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 317 रन बनाए। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने नाबाद 129 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रतीक यादव ने 62 रन तथा शाश्वत शारदा ने 39 रन बनाये।

# भानसोज में आज मनाई जाएगी मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

स्थानीय ग्रामीण साहू समाज ग्राम भानसोज के तत्वावधान में आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती का भव्य आयोजन 30 मार्च को बस स्टैंड स्थित ग्रामीण साहू समाज भवन में किया जाएगा। इस अवसर पर समाज की एकजुटता और भक्ति का संगम देखने को मिलेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से मां कर्मा की विशेष पूजा-अर्चना एवं कथा का आयोजन होगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णा साहू ने समस्त सामाजिक बंधुओं, युवाओं एवं मातृशक्ति से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मां कर्मा जयंती का यह अवसर समाज के गौरव और आस्था का प्रतीक है। सभी स्वजातीय बंधु अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर एकता का परिचय दें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समाज के युवाओं एवं पदाधिकारियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा सभी भक्तों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## खबर संक्षेप



### वन कर्मचारी संघ के नए भवन का उद्घाटन

रायपुर। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के नवीन प्रदेश कार्यालय का शनिवार को उद्घाटन वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने किया। इस मौके पर विशेष रूप से एपीसीसीएफ शालिनी रैना, सीसीएफ एस. मणिवासगन, वन संरक्षक सलमा फारूकी, डीएफओ लोकनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारी सहित संघ के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता



रायपुर। विधानसभा क्रमांक 2 के पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल में रविवार को प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ हुआ। जहां मंडल प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित होकर संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं कार्यकर्ता के दायित्वों विषयक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिला। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी एवं जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर जोन 6 अध्यक्ष एवं वार्ड 62 पार्षद बद्रीप्रसाद गुप्ता, वार्ड 60 पार्षद रमेश सपहा, वार्ड 61 पार्षद रवि सोनकर एवं वार्ड 59 की पार्षद अंजलि जितेंद्र गोलछा सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा समस्त कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रेमलता अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। वीआईपी रोड, मौलश्री विहार निवासी प्रेमलता अग्रवाल का 28 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे बिशनलाल अग्रवाल की पत्नी और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल एवं आशा (गोंदिया) की माता तथा पूरनलाल, कैलाश, राजेंद्र प्रसाद, गोपालकृष्ण, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अशोक, विजय, योगेश एवं यशवंत की चाची थीं। उनके निधन से अग्रवाल परिवार सहित समूचे समाज में शोक की लहर दौड़ गई। सांसद श्री अग्रवाल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

## निधन



### रोहित दुबे

रायपुर। चंगोराभाठा निवासी रोहित दुबे (65) का 29 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे मंजू दुबे के पति, हिमानी दुबे के पिता व दिसंबर दुबे, अतुल दुबे के भाई थे।

# शहर सरकार का बजट आज, प्रश्नकाल में हंगामे के आसार, 24 पार्षदों ने जनहित मुद्दों के पूछे 50 सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक इस बार हंगामेदार होने के आसार हैं। 1 घंटे के प्रश्नकाल के लिए 24 पार्षदों ने जनहित से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर शहरी सरकार को घेरने 50 सवाल लगाए हैं, इनमें नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने तो सीधे जलबोर्ड के गठन के औचित्य को लेकर सवाल उठाया है कि नगर निगम को जल बोर्ड गठन का अधिकार है क्या? जब से जल बोर्ड बना, तब से लेकर आज तक समस्याग्रस्त किन-किन वार्डों की पेयजल समस्या का समाधान किया गया है? निगम के उपनेता प्रतिपक्ष जयश्री नायक ने बिना डायवर्सन और भवन अनुज्ञा के कोटवारी भूमि पर बने पंजाब केशरी भवन निर्माण और उसकी अनुमति को लेकर सवाल पूछा है। जोरा क्षेत्र में खसरा नंबर 58-4 स्थित कोटवारी भूमि इस भवन के निर्माण किसकी अनुमति पर किया गया? इतना भव्य ढांचा अधिकारियों के नाक के नीचे कैसे खड़ा हो गया? इस सवाल का जवाब निगम के राजस्व और भवन अनुज्ञा विभाग भारसाधक सदस्य को सदन में देना पड़ सकता है। इसी तरह सत्तापक्ष से जोन 5 अध्यक्ष और महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड अंबर अग्रवाल ने आवासीय एवं व्यावसायिक भूमि पर कर निर्धारण की प्रक्रिया में विसंगति को लेकर सवाल उठाया है।

## जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर पार्षदों ने पूछे प्रश्न

**आकाश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष और पार्षद पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

**प्रश्न 1-** जल बोर्ड गठन करने का अधिकार नगर निगम को है क्या? जल बोर्ड किस तरह कार्य कर रहा है?

**प्रश्न 2 -** जब से जल बोर्ड बना, तब से लेकर आज तक समस्याग्रस्त किन-किन वार्डों में पेयजल समस्या का समाधान किया गया है?

आने वाली गर्मी को देखते हुए जल बोर्ड ने क्या तैयारी की है। रायपुर नगर निगम के किन वार्डों में पानी की समस्या है, निराकरण की क्या कार्ययोजना बनाई गई है?

**जयश्री नायक, उपनेता प्रतिपक्ष और पार्षद महामाया मंदिर वार्ड**

**प्रश्न 1 -** जोरा में पटवारी हल्का नंबर 66 खसरा क्रमांक 58-4 में स्थित पंजाब केशरी भवन निर्माण के लिए नगर निगम से भवन अनुज्ञा ली गई है, यदि हां तो उसकी प्रति सदन के पटल पर प्रस्तुत की जाए?

0 यदि भवन बिना भूमि परिवर्तित किए एवं भवन अनुज्ञा प्राप्त किए बिना निर्माण किया गया है तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध आज दिनांक तक क्या कार्यवाही की गई है, जानकारी प्रदान करें।

**प्रश्न 2 -** निगम प्रशासन द्वारा निगम क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण पर रोक लगाने एवं वैधानिक कार्यवाही करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, यदि किसी प्रकार कार्यवाही नहीं की गई है तो इसके जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी कौन हैं, क्या उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित है?

0 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में बिना अनुज्ञा प्राप्त किए इतने बड़े भवन तथा अन्य क्षेत्रों में भी अवैध निर्माण होना गंभीर सवाल खड़ा करता है, सदन के समक्ष स्पष्ट और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराई जाए?




**संदीप साहू, पार्षद वीर सावरकर नगर वार्ड**

**प्रश्न-1** पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम के अंतर्गत किन-किन वार्डों में उद्यानों का निर्माण कार्य किया गया है, निर्माण कार्य की लागत राशि कितनी थी, संपूर्ण जानकारी दें?

**प्रश्न -2** नगर निगम अंतर्गत आने वाले अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वार्डों में कितनी राशि का विकास कार्य किया गया है, किन-किन वार्डों में यह कार्य किया गया, उसकी लागत राशि कितनी है?

**अंबर अग्रवाल, जोन अध्यक्ष, पार्षद महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**

**प्रश्न 1 -** स्मार्ट सिटी के तहत 24 घंटे जल आपूर्ति और अमृत मिशन अंतिम छोर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का सपना लोगों को दिखाया गया, हमारा शहर टैंकर मुक्त कब तक होगा, प्रत्येक घर में नगर निगम निर्धारित समय अनुसार कब तक पानी पहुंचा पाएगा, इसके लिए निगम की क्या कार्ययोजना है, संपूर्ण जानकारी दें?

**प्रश्न 2 -** 2024 से अब तक निगम क्षेत्र में आवासीय और गैर आवासीय खुली भूमियों पर वार्डवार कितनी संपत्तियों पर कर अधिरोपित किया गया, कुल कितनी राशि वसूल की गई तथा वर्तमान बकाया कर की स्थिति क्या है?

## बिरगांव निगम : पेयजल और सफाई के मुद्दे पर घेरेगा विपक्ष, करीब 150 करोड़ का बजट पेश करेंगे महापौर

पेयजल और सफाई के मुद्दे को लेकर विपक्ष जहां बिरगांव निगम के महापौर को घेरने की तैयारी में है, वहीं सीएसआईडीसी की 30 फीसदी राशि को लेकर हंगामे के आसार बनने वाले हैं। सूत्रों की मानें तो पिछले बजट में किए गए वादों में से कई काम ऐसे हैं, जो अभी साकार नहीं हो पाए हैं। इसका हिसाब भी विपक्ष ने मांगने का मन बनाया है। इसके बीच महापौर नंदलाल देवांगन इस बार जमीनी स्तर पर सफाई और कचरा प्रबंधन से जुड़ी महिला कर्मियों को सौगात देने की तैयारी में हैं। इस साल का वार्षिक बजट भी करीब 150 करोड़ का पेश होने वाला है। उपनगरीय व्यवस्था से जुड़े बिरगांव निगम की जनता को जिन सुविधाओं को पिछले बजट में देने का दावा किया गया था, एक साल पूरा होने पर सोमवार को सामान्य सभा के दौरान पेश किए जाने वाले बजट के बीच विपक्ष अपने तरकश से कई तीर चलाने वाला है। इसमें 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना पर खर्च की गई राशि के बाद भी आधा दर्जन से ज्यादा वार्डों में पर्याप्त पानी नहीं मिलने को लेकर तीखी नोक-झोंक होने वाली है। निगम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 2025-26 का बजट भी करीब 150 करोड़ का ही पेश किया गया था।इस साल के बजट में स्ट्रीट डॉग्स के साथ ही नई टंकियों के निर्माण सहित ऑक्सीजोन की सुविधा देने का वादा महापौर बजट सत्र में करने वाले हैं।




### मंगल भवन और सौंदर्यीकरण भी अधूरा

निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू बजट से पहले महापौर से पिछले साल किए गए वादों में शामिल अधूरे मंगल भवन और तालाबों के सौंदर्यीकरण का हिसाब मांगने वाले हैं। साथ ही एमआईसी अध्यक्ष इकराम अहमद पर भी अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर तीखे सवालों की झड़ी लगने वाली है, क्योंकि वार्डों में मुख्य मार्गों के आसपास चिकन सेंटर का संचालन रोकने के लिए कार्रवाई का दावा भी पूरा नहीं हुआ है। निगम प्रशासन ने सामान्य सभा के बीच पेश किए जाने बजट को लेकर रविवार को व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप दिया। सोमवार को दोपहर 12 बजे से सामान्य सभा शुरू होगी।

## मुख्य सचिव से मिला फेडरेशन, 11 सूत्रीय मांगों पर दिया प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ त्वरित निराकरण का मिला आश्वासन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सचिव विकासशील से भेंट की। इस अवसर पर फेडरेशन ने अपनी मांगों को विस्तार से मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया। बताया गया है कि मुख्य सचिव ने धैर्यपूर्वक सभी बिंदुओं को सुना और कहा कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 300 दिवस अर्जित अवकाश के नकदीकरण, चार स्तरीय समयमान-वेतनमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियों, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना जैसे विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए विशेष पहल करने का अनुरोध किया। एक अन्य मांगपत्र सौंपते हुए उन्होंने बताया कि विगत सात वर्षों से राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक नहीं होने से कर्मचारी संगठनों में नाराजगी है। इस पर मुख्य सचिव ने शीघ्र बैठक कराने का आश्वासन दिया।

*पेंशनरों की समस्या से कराया अवगत :* मुख्य सचिव को पेंशनरों की समस्याओं से भी अवगत कराया गया। फेडरेशन ने पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा लंबित 3 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान करने की मांग रखी। मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के संदर्भ में यह भी अवगत कराया गया कि महंगाई राहत आदेश जारी करने पूर्व सहमति आवश्यक नहीं है। झारखंड एवं उत्तराखंड की भांति प्रदेश के पेंशनरों को भी राहत देने की मांग की गई। इस पर मुख्य सचिव ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। फेडरेशन ने विश्वास व्यक्त किया कि संयुक्त प्रयासों से प्रदेश की सेवा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ कमल वर्मा, पवन कुमार शर्मा उप संयोजक, चंद्रशेखर तिवारी महासचिव, प्रमुख सलाहकार बीपी शर्मा, प्रांतीय सचिव संजय सिंह, प्रांतीय प्रवक्ता पंकज पांडेय, सलाहकार जीआर चंद्रा, कार्यालय मंत्री जय कुमार साहू उपस्थित रहे।

## हेलमेट लगाने का आदेश नहीं देने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच समिति गठित करने की मांग

रायपुर। सड़क सुरक्षा के नियमों को दरकिनार कर दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट चलने वाले शासकीय कर्मचारियों और आम नागरिकों पर सख्ती बढ़ रही है। इसी कड़ी में नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के स्पष्ट निर्देश के बाद भी हेलमेट लगाने का आदेश नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि नितिन गडकरी के अनुसार 2023 से 2025 तक लगभग बीस हजार मौतें हेलमेट नहीं लगाने के कारण हुई हैं। इस संबंध में पत्र 31 जनवरी और 6 फरवरी को लिखा था, जिसके बाद परिवहन आयुक्त का पत्र रमेश आहूजा के नाम से आया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के तहत दोपहिया सवार के लिए हेलमेट पहनना कानूनी रूप से पहले से ही अनिवार्य है। हमारी मांग है कि इस संबंध में वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाए, जिसमें पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं देवजी पटेल को भी रखा जाए। जांच रिपोर्ट आने पर दोषी अधिकारी को निलंबित कर अदालत में उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाए, ताकि कोई भी अधिकारी अपने कर्तव्य से विमुख न हो।

## पुलिस मुख्यालय, अफसरों से शिकायत के साढ़े चार माह बाद थाने में अपराध दर्ज

रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर एक अन्य युवक के खिलाफ एचडीडी मशीन के नाम पर 39 लाख रुपए ठगी का अपराध दर्ज किया है। पीड़ित द्वारा पुलिस मुख्यालय से लेकर अफसरों तक के पास शिकायत दर्ज कराने के साढ़े चार माह बाद ठगी का मामला अब जाकर दर्ज किया है। पीड़ित ने वर्ष 2021 में मशीन खरीदने का सौदा किया था। गुरुनानक चौक निवासी मो. शाहनवाज की शिकायत पर पुलिस ने इमरान नवाब के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया है। शाहनवाज ने पुलिस को बताया कि उसने इमरान के साथ 23 जून 2021 को मशीन खरीदने का सौदा किया था। इस सौदे के एवज में शाहनवाज ने इमरान को अलग-अलग किस्तों में कुल 39 लाख रुपए का भुगतान किया था। भुगतान की अंतिम तिथि 3 अप्रैल 2024 थी।

## पेज 11 के शेष ...

### आईपीएल के लिए नई पिच...

स्टेडियम में पिच से लेकर दर्शकों तक की बैठने की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। हरिभूमि टीम ने स्टेडियम पहुंचकर इन तैयारियों का जायजा लिया। आईपीएल के इन हाईवोल्टेज मैचों के लिए स्टेडियम में नई पिच तैयार की जा रही है। इसके लिए पुरानी पिच की ऊपरी सतह को 5 से 10 इंच तक खोदा जा रहा है। इसी नई पिच पर विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज भारतीय क्रिकेटरों के साथ-साथ कई विदेशी स्टार खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरेंगे। मैदान में पहले से 6 पिचें मौजूद हैं, जिन पर अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं। इसमें ही खिलाड़ी अभ्यास भी करते हैं अब बन रही इस नई और फ्रेश पिच का फायदा आरसीबी के साथ-साथ मुंबई और कोलकाता की टीमों को भी मिलेगा।

### 12 अप्रैल के बाद शुरू ...

हजार से अधिक टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। आरसीबी ने अपने अन्य होम ग्राउंड्स पर टिकटों की कीमत 1 हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक तय की है। उम्मीद जताई जा रही है कि रायपुर के मैचों के लिए भी टिकटों की दरें इसी के आसपास निर्धारित की जा सकती हैं। हालांकि, टिकटों की सटीक कीमत अभी तय नहीं हुई है, 12 अप्रैल के बाद इस पर स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी।

### छत्तीसगढ़ की लाल मिट्टी...

को अच्छा सपोर्ट मिलने की उम्मीद है। बता दें कि रायपुर अब आरसीबी का दूसरा होम ग्राउंड बन चुका है। आरसीबी की टीम यहां मैचों से पहले अपना अभ्यास भी करेगी। इसी वजह से मैदान और पिच को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च स्तर का तैयार किया जा रहा है।

### ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई ...

कार्रवाई के दौरान भिलाई निवासी कार चालक राजू मित्रा जांच के दायरे में आ गया। पुलिस ने कार्रवाई की तो वह थोड़ी मात्रा में शराब पीने की बात कहकर छोड़ने की गुहार लगाने लगा। साथ ही मामूली चालान लेकर छोड़ने के लिए कहा। पुलिस के नहीं मानने पर धमकी देने पर उतारू हो गया। पुलिस अफसरों के निर्देश पर मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने राजू की कार जब्त कर ली।

### पत्रकारिता विवि कराएगा ...

संस्थानों को मल्टी डिस्पिलिनरी कैंपस बनाने का प्रावधान है। इसके अनुसार, सभी संकाय या सभी क्षेत्र के छात्रों को अन्य विषय अथवा अन्य पाठ्यक्रम पढ़ने की सुविधा भी प्राप्त होनी चाहिए। परंपरागत पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले विश्वविद्यालयों में भी इसे लेकर प्रयोग किए गए हैं। इसके अंतर्गत विज्ञान के छात्रों को कला-वाणिज्य के विषय तथा कला-वाणिज्य के छात्रों को विज्ञान के विषय पढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग संस्थानों में भी विकल्प के रूप में छात्रों को मानविकी विषय उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### वर्तमान में 450 विद्यार्थी...

जाने की तैयारी है। पत्रकारिता विवि को 19 फरवरी को एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद नया कुलपति मिला है। लंबे समय से ठप पड़े प्रशासनिक व अकादमिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद अब विवि प्रबंधन कर रहा है।

### माह के अंतिम दिनों में ..

वहां पहले भी बनी थी। माह के अंत में राज्य में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया है और आने वाले दिनों में इसके तेवर में बदलाव होने की संभावना कम है। मार्च के महीने में दो दौर में भारी गर्मी का मौसम बना, जबकि अधिकांश दिन बादल-बारिश जैसी गतिविधि के बीच बीते। रविवार को गर्मी ने अपना तेज असर दिखाया, दोपहर तेज धूप की वजह, गर्म हवाओं से जलन जैसा एहसास हुआ। रायपुर जैसी गर्मी बिलासपुर में भी रही, जबकि अंबिकापुर इलाके में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर ईरान और उससे लगे कैस्पियन सागर के ऊपर मौजूद है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से उत्तर मध्यप्रदेश के मध्य भाग पर दूसरी द्रोणिका बिहार से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर ओडिशा से दक्षिण तमिलनाडु तक दक्षिण छत्तीसगढ़ के बीच उपस्थित है।




## कांग्रेसियों ने टिकरापारा थाना घेरा, जताया आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को टिकरापारा थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शहर में बढ़ते अपराध, लूट, हत्या, बलात्कार, चोरी, छेड़छाड़ की घटनाओं के लिए पुलिस प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए। साथ ही गृहमंत्री विजय शर्मा के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए इस्तीफे की मांग की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि टिकरापारा थाने के अंतर्गत कॉलोनी के युवक अजय अग्रवाल की परसों हत्या की गई।

आरोपी के साथ उसका विवाद कई महीने से चल रहा था और यह मामला टिकरापारा थाने में भी आया था, लेकिन पुलिस ने मामले की गंभीरता नहीं समझा और दोनों पक्षों को अपने हाल पर छोड़ दिया। बात बढ़ते-बढ़ते हत्या होने तक आ गई और दो परिवार बर्बाद हो गए। पुलिस समय पर प्रकरण की गंभीरता समझती और निराकरण या प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करती तो शायद ये घटना नहीं होती। प्रदर्शनकारियों ने प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार, अवैध शराब, सूखे नशे के कारोबार समेत ऐसे प्रकरणों के लिए जिम्मेदार माना है।

***पुलिस ने व्यवस्था सुधारने का दिया आश्वासन :*** टिकरापारा थाना घेराव और प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान कमिश्नरेट एएसपी नवनीत पाटिल ने शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि वे इस प्रकरण की सूक्ष्मता से जांच कराएंगे।





















# परीक्षा नहीं होने पर नतीजे तैयार करने 'हाइब्रिड इवैल्यूएशन सिस्टम' घोषित, पुराना प्रदर्शन बनेगा आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच सीबीएसई ने यूएई सहित अन्य खाड़ी देशों के स्टूडेंट्स के लिए 'हाइब्रिड इवैल्यूएशन सिस्टम' 2026 की घोषणा की है। इसके अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिम एशिया के कुछ देशों में बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए वैकल्पिक मूल्यांकन प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

खास खबर

यह व्यवस्था उन क्षेत्रों में परीक्षा कराने में आई कठिनाइयों को देखते हुए शुरू की गई है, ताकि छात्रों के परिणाम समय पर जारी किए जा सकें। यह नई प्रणाली बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों में पढ़ने वाले छात्रों पर लागू होगी।

**खास बातें**

- सीबीएसई ने घोषित किया पैटर्न, मध्य-पूर्व देशों के परिणाम इसी आधार होंगे तैयार
- युद्ध के कारण सीबीएसई ने रद्द की थी इन क्षेत्रों की परीक्षाएं





### मिडिल ईस्ट देशों में परीक्षा रद्द, लेकिन यहां पूर्ववत जारी रहेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इजरायल-ईरान युद्ध के बीच सीबीएसई ने मिडिल ईस्ट के देशों में होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षा को रद्द कर दिया है।

बोर्ड ने यह निर्णय बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में बढ़ते युद्ध के कारण स्थिति को देखते हुए लिया है। ये परीक्षाएं केवल मिडिल-ईस्ट देश के छात्रों के लिए रद्द की गई है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में परीक्षाएं पूर्ववत आयोजित होंगी। इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा।

गौरतलब है कि सीबीएसई ने इन देशों में छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, सोमवार को होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया है। यह फैसला मिडिल ईस्ट के छात्रों के लिए है, जहां युद्ध और सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक हो गई है। वहीं, बोर्ड ने इस फैसले को लेकर स्पष्ट किया है कि होली के बाद नई परीक्षा तिथियों की घोषणा की जाएगी। छात्रों और अभिभावकों को अब नई तिथियों का इंतजार रहेगा, जिससे वे अपनी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी को फिर से सही तरीके से कर सकें।

■ भारत के साथ विदेशों में भी परीक्षाएं आयोजित करता है सीबीएसई

### अहम रहेगी स्कूलों की भूमिका

इस पूरी प्रक्रिया में स्कूलों की भूमिका अहम होगी। स्कूलों को छात्रों के सभी आंतरिक मूल्यांकन, प्रैक्टिकल और अन्य शैक्षणिक रिकॉर्ड को सही तरीके से संकलित करना होगा। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ यह प्रक्रिया पूरी करें। छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपने-अपने स्कूलों के संपर्क में रहें और मूल्यांकन प्रक्रिया व रिजल्ट से जुड़ी हर अपडेट पर नजर बनाए रखें। सीबीएसई का कहना है कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिस्थिति में छात्रों का शैक्षणिक वर्ष प्रभावित न हो और उन्हें समय पर परिणाम मिल सके।

### ऐसे तैयार होगा रिजल्ट

सीबीएसई ने छात्रों को इस आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में रखा है कि उन्होंने कितनी परीक्षाएं दी हैं। जिन छात्रों ने सभी विषयों की परीक्षा दी है, उनका रिजल्ट सामान्य तरीके से बोर्ड परीक्षा के अंकों के आधार पर तैयार होगा। जो छात्र कुछ पेपर नहीं दे पाए, उनके लिए स्कूल आधारित मूल्यांकन अपनाया जाएगा। स्कूल आधारित मूल्यांकन के अंतर्गत छात्रों के लिए स्कूल द्वारा लिए गए टेस्ट जैसे त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और प्री-बोर्ड परीक्षाओं के अंक जोड़े जाएंगे। जिन विषयों में थ्योरी 70 या 80 अंकों की है, उनमें इन तीनों परीक्षाओं में से सबसे अधिक अंक को अंतिम परिणाम में शामिल किया जाएगा। जिन विषयों में थ्योरी 60, 50 या 30 अंकों की है, उनमें केवल अंतिम प्री-बोर्ड के अंक जोड़े जाएंगे। यदि छात्र प्री-बोर्ड में शामिल नहीं हुआ है, तो पहले के प्री-बोर्ड के अंक लिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पचपेड़ीनाका हनुमान गढ़ी मंदिर में महाआरती 2 को



रायपुर। हनुमान जन्म महोत्सव के अवसर पर पचपेड़ीनाका स्थित दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान गढ़ी मंदिर में 2 अप्रैल को महाआरती की जाएगी। साथ ही महाभंडारा का आयोजन 3 अप्रैल को रखा गया है। दक्षिणमुखी सिद्ध श्रीहनुमान गढ़ी मंदिर के संस्थापक पं. राजेंद्र पाण्डेय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस गुरुवार दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान गढ़ी में जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। सुबह 5.30 बजे जन्म महोत्सव मनाया जाएगा और रात्रि 8 बजे महाआरती की जाएगी। रात्रि 6 बजे से जैन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### शिव शक्ति हनुमान, श्रीराम जानकी मंदिर में रामनवमी पर्व



रायपुर। रामनवमी के अवसर पर श्रीराम सेवा समिति शंकरनगर और श्रीराम जन्म समिति बालाजी शाखा सेक्टर-2 द्वारा शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम शिव शक्ति हनुमान, श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में हुआ। इस अवसर पर महाप्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसी दौरान दोपहर 1 बजे से शीतल जसगीत मानस मंडली शक्ति नगर द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। साथ ही मंदिर परिसर में शंकर नगर महिला मंडली की प्रस्तुति हुई। मनमोहक प्रस्तुति के बाद विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियों के साथ भजन का श्रद्धालुओं ने देर रात तक आनंद लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, विधायक पुरंदर मिश्रा, लोकेश कावड़िया, श्रीचंद सुंदरानी, पार्षद राजेश गुप्ता, राम प्रजापति, सुधीर कुमार चौबे, बिहारी राम वर्मा, डीआर साहू, लंकेश वर्मा, बबला ध्रुव, अमित वर्मा, तुलसीराम साहू, मनीराम साहू, टेकराम साहू, मीना सेन, आरती साहू, श्रीधर दीवान, संजय चौबे, ओमप्रकाश दुबे समेत अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि ने 28 मार्च के अंक में प्रमुखता से उठाया था मुद्दा, रेलवे ने वापस लिया फैसला

# रेलवे ने लौटाईं ट्रेनें, 21 दिनों के लिए रद्द नहीं रहेंगी शालीमार-ज्ञानेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से होकर मुंबई जाने वाली ट्रेनों को अप्रैल में 21 दिनों तक रद्द किए जाने से यात्रियों को हो रही परेशानी के मुद्दे को हरिभूमि ने 28 मार्च के अंक में प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए मुंबई रूट की इन ट्रेनों को बहाल कर दिया है। दक्षिण-पूर्व रेलवे ने नागपुर डिवीजन के अंतर्गत गोंदिया स्टेशन के पास ट्रैक मरम्मत और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के चलते 4 से 26 अप्रैल के बीच 'शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस' और 'ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस' को रद्द करने की घोषणा की थी, जिसे अब वापस ले लिया गया है, यानी 21 दिनों के लिए रद्द की गई शालीमार और ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस अब इन तिथियों में भी अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही चलेंगी। इन प्रमुख ट्रेनों के बहाल होने और बुकिंग दोबारा शुरू होने से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

खबर का असर

- अब 4 से 26 अप्रैल के बीच भी अपने निर्धारित समय पर ही चलेंगी दोनों ट्रेनें



### दिल्ली जाने 5 अप्रैल से 24 तक हर दिन सिर्फ 2 ट्रेन, वेटिंग लंबी इसलिए कन्फर्म की उम्मीद खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल के शुरुआत में दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों के रद्द होने के बाद अब लोगों ने दूसरी ट्रेनों में बुकिंग तेज कर दी है। रेलवे ने 5 अप्रैल से 24 तक 14 ट्रेनों को रद्द किया है, जो रायपुर से होकर गुजरती हैं। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोंडवाना, समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस ट्रेनों के एक साथ रद्द होने से यात्री अब दिल्ली के लिए संपर्क क्रांति, राजधानी, हमसफर एक्सप्रेस को चुन रहे हैं। वहीं मुंबई के लिए समरसता व हावड़ा मेल को अपना नया विकल्प बना रहे हैं। बता दें कि 5 से 24 के बीच दिल्ली के लिए हर दिन दो ट्रेन का विकल्प बना हुआ है, जो सामान्य दिनों में चार तक होता है। मुंबई रूट की तुलना में दिल्ली की ट्रेनों में ▶▶शेष पेज 11 पर

**लाखों यात्री अप्रैल में होंगे परेशान**

रेलवे ने जिन ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, वह सभी लंबी दूरी की ट्रेन है। इसमें हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोंडवाना, समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस के रद्द होने से लाखों यात्री अप्रैल महीने में परेशान होंगे। यह सभी ट्रेन दिल्ली, मुंबई, भोपाल, मथुरा समेत भोपाल व विशाखापट्टनम जाने वाली प्रमुख ट्रेन है। यह ट्रेन कम समय में दूरी तय करती है। इस वजह से यह ट्रेन यात्रियों की हर समय पसंदीदा रहती है। गर्मियों की छुट्टी और शादियों के सीजन के बीच ट्रेनों के रद्द होने से यात्री परेशान होंगे।

- ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों में यात्रियों को नहीं मिल रहा कन्फर्म टिकट
- छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोंडवाना समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस के रद्द होने से लाखों यात्री अप्रैल में होंगे परेशान

**यह ट्रेन रहेंगी रद्द**

- 4 अप्रैल से 24 तक 18030 मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 6 अप्रैल से 26 तक 18029 शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 5 अप्रैल से 25 तक 18237 कोरबा-छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 7 अप्रैल से 27 तक 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 12410 हजरत निजामुद्दीन से गोंडवाना एक्सप्रेस अप्रैल में 02, 04, 06, 07, 08, 09, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 व 22 को रद्द रहेगी।
- 12409 रायगढ़ से गोंडवाना एक्सप्रेस अप्रैल में 04, 06, 08, 09, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 व 24 को रद्द रहेगी। ▶▶शेष पेज 11 पर

**मुंबई जाने गीतांजलि एक्सप्रेस पर दबाव अधिक**

रायपुर से मुंबई जाने के लिए अप्रैल में दिन में दो से तीन ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। इस बीच ज्ञानेश्वरी और एलटीटी एक्सप्रेस रद्द है, जिसके बाद अब यात्रियों को गीतांजलि, हावड़ा मेल और समरसता एक्सप्रेस में टिकट तेज से बुक हो गए। अब इन ट्रेनों में वेटिंग भी लंबी हो चुकी है। किसी में 50 से 60 के बीच वेटिंग और आरएसी पहुंच गया है। बता दें कि तीनों ट्रेनों में सीटों की संख्या स्लीपर, एसी में खत्म हो चुकी है। महीने के अंत तक मांग बढ़ने से रेलवे नो रूम भी कर सकता है। अप्रैल में गीतांजलि एक्सप्रेस यात्रियों का दबाव बढ़ेगा।

28 मार्च को प्रकाशित खबर

### मुंबई की ये ट्रेनें हुईं बहाल

- 18030 (शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस) शालीमार से छूटने वाली यह गाड़ी 4 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बहाल रहेगी।
- 18029 (लोकमान्य तिलक टर्मिनल - शालीमार एक्सप्रेस) लोकमान्य तिलक टर्मिनल से छूटने वाली यह गाड़ी 6 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बहाल रहेगी।
- 12101 (लोकमान्य तिलक टर्मिनल - शालीमार ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 4, 5, 7, 8, 11, 12, 14, 15, 18, 19, 21 और 22 अप्रैल 2026 को चलने वाली यह गाड़ी बहाल की गई है।
- गाड़ी संख्या 12102 (शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनल ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) शालीमार से 6, 7, 9, 10, 13, 14, 16, 17, 20, 21, 23 और 24 अप्रैल 2026 को चलने वाली यह गाड़ी बहाल की गई है।

### मुंबई के यात्रियों को अब मिलेगी कंफर्म सीट

शालीमार और ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के बहाल होने से अब गीतांजलि एक्सप्रेस और मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस जैसी अन्य ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव कम होगा। इन प्रमुख ट्रेनों के वापस पटरी पर लौटने से लंबी दूरी के सफर के लिए यात्रियों को एक बार फिर से आसानी से कंफर्म सीटें मिल सकेंगी।

### दिल्ली जाने वाली प्रमुख ट्रेनें रहेंगी रद्द

रेलवे ने मुंबई रूट की ट्रेनों को बहाल करने का कारण स्पष्ट नहीं किया है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली जाने वाली प्रमुख ट्रेनें जैसे- समता एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और गोंडवाना एक्सप्रेस 4 से 24 अप्रैल के बीच रद्द ही रहेंगी। इन ट्रेनों के न चलने से यात्रियों की परेशानियां बनी हुई हैं। मजबूरी में कई यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस के महंगे टिकट खरीदने पड़े हैं। इसके अलावा, दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भीड़ का अतिरिक्त दबाव अब हमसफर एक्सप्रेस पर भी देखने को मिलेगा।

# नो एंट्री में कार्रवाई का पैटर्न बदला, स्पॉट पर जुर्माने के बजाय चालान काटकर कोर्ट भेज रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी की सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने रिव्यू करते हुए रिंगरोड-1 तथा 2 से जुड़े 18 मार्गों पर भारी तथा मध्यम मालवाहक गाड़ियों की एंट्री पर सुबह 5 से रात 12 बजे तक नो एंट्री पर सख्ती से अमल करने निर्देश दिए हैं। पूर्व में नो एंट्री क्षेत्र में मालवाहक गाड़ियां प्रवेश कर जाती थीं। संबंधित थाने की पुलिस या ट्रैफिक पुलिस ऑन स्पॉट जुर्माना कर गाड़ियों को छोड़ देते थे। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले गाड़ी मालिकों से मौके पर जुर्माना वसूलने के बजाय उनका चालान काटकर कोर्ट भेज रहे हैं। कोर्ट गाड़ी मालिकों से 20-20 हजार रुपए तक जुर्माना राशि वसूल कर रही है।

शहर के व्यस्त मार्ग में भारी तथा मध्यम मालवाहक वाहन के बेतरतीब तरीके से प्रवेश करने की वजह से जाम लगने के साथ एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। नो एंट्री वाले शहर के आउटर इलाकों में ऐसी मालवाहक गाड़ियों की वजह से आए दिन रोड एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आती रहती थीं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए नो एंट्री का सख्ती से पालन करने ट्रैफिक के साथ संबंधित थानों की पुलिस को निर्देश दिए गए हैं।

**औसतन रोज 10 कार्रवाई**

नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्र में रोजाना औसतन 10 कार्रवाई हो रही है। 29 मार्च तक की स्थिति में 292 मध्यम तथा भारी मालवाहक वाहन के मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। वाहन मालिकों से कोर्ट के माध्यम से 58 लाख 40 हजार रुपए के करीब जुर्माना राशि वसूल की गई है। संबंधित थाना या पुलिस मौके पर जुर्माना वसूलती तो जुर्माना राशि आधे से भी कम होती।

**सख्ती से कर रहे नियम का पालन**

चिन्हांकित शहर के नो एंट्री क्षेत्र में भारी तथा मध्यम मालवाहक वाहनों की प्रवेश के लिए जो समयसीमा निर्धारित की गई है। उसका कड़ाई से पालन किया जा रहा है। नियम का उल्लंघन करने पर स्पॉट पर जुर्माना करने के बजाय उनका चालान काटकर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। ऐसा करने से नो एंट्री में मध्यम तथा भारी मालवाहक गाड़ी के मालिक वाहन लाने से बच रहे हैं।

- विकास कुमार, डीसीपी ट्रैफिक पुलिस

### नो एंट्री लागू होने से इन क्षेत्रों को ज्यादा राहत

नो एंट्री का सख्ती से पालन करने पर सबसे ज्यादा लाभ रामसागर पारा, गंज, तेलघानी नाका, स्टेशन रोड, गुढ़ियारी पड़ाव क्षेत्र के लोगों को हुआ है। थोक अनाज मंडी भले ही डूमरतराई शिफ्ट हो गई है, पर कई कारोबारियों के गोदाम गुढ़ियारी पड़ाव में अब भी संचालित हैं। साथ ही तेलघानी नाका में सैकड़ों की संख्या में गैरेज संचालित किए जा रहे हैं। इसके चलते छोटे तथा मध्यम मालवाहक गाड़ियों का इस क्षेत्र में मूवमेंट रहता था, इसके चलते रेलवे स्टेशन के पास पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी।

रायपुर में दो साल से मिल रहीं सूचनाएं, ढाई सौ किमी के दायरे में करता है काम

# गरजने-बरसने वाले बादलों का पता लगाने सरगुजा और बस्तर में भी खड़ा होगा रडार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बरसने अथवा गरजने वाले बादलों की दो से तीन घंटे पहले स्थिति बताने वाला मौसम विभाग का कलर डॉप्लर रडार सरगुजा और बस्तर में स्थापित किया जाएगा। सरगुजा में मैनपाट में रडार लगाने स्थल चिन्हांकित कर लिया गया है और जगदलपुर में इसकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। यहां रडार रायपुर के कृषि विवि परिसर में लगाया गया है, जो पिछले दो साल से सटीक सूचनाएं दे रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, रडार लगाने के लिए जमीन सहित अन्य व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा मौसम विभाग का सहयोग किया जा रहा है। सरगुजा में रडार की स्थापना के लिए मैनपाट इलाके में जमीन चिन्हित की गई है, वहीं जगदलपुर में इसके लिए उपयुक्त स्थल की तलाश जारी है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश में तीन रडार लगने के बाद मौसम का अनुमान और सटीकता से साथ लगाया जा सकेगा। दोनों रडार भी दो से ढाई सौ किमी के दायरे को कव्हर करेंगे, जिससे प्रदेश के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में भी होने वाली मौसम की गतिविधि की रिपोर्ट दे सकेंगे। रायपुर में यह सिस्टम लगने से पहले विशेषज्ञ जमीनी स्तर पर मौसम तंत्रिकाओं का अनुमान लगाते थे। आधुनिक संसाधनों से लैस होने वाला रडार बरसने और गरजने वाले बादलों के साथ उसकी ऊंचाई का भी सटीक आकलन करता है।

- मैनपाट में स्थल चयन, जगदलपुर में उपयुक्त जमीन की तलाश



### दोनों क्षेत्रों में जरूरी

सूत्रों के मुताबिक, भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर अंबिकापुर और बस्तर में रडार बेहद उपयोगी साबित होगा। बस्तर और सरगुजा वनक्षेत्र है, इसके अलावा दोनों राज्य की सीमाओं से जुड़े हुए क्षेत्र हैं। मानसून के सीजन में इन इलाकों में बादलों की स्थिति पर ढाई से तीन घंटे पहले सटीक अनुमान मिलने पर अलर्ट जारी कर कई तरह के अनावश्यक नुकसान को कम किया जा सकेगा। राजधानी रायपुर में स्थापित रडार से मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर राज्य के सीमाओं पर होने वाली आसमानी गतिविधि का आकलन करना थोड़ा मुश्किल होता है।

# वन्यजीवों के शिकार का वन विभाग के रजिस्टर में 'शिकार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के जिम्मेदार वन विभाग के एंटी पोचिंग रिकार्ड डेटाबेस का ही पोचिंग हो गया है। विभागीय कारनामों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है। राज्य के वनक्षेत्रों में आए दिन हिरण सहित अन्य वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। विभागीय रिकार्ड के अनुसार, वर्ष 2024 तथा 2025 में महज चार हिरणों का शिकार हुआ है। वन विभाग का उक्त चौंकाने वाला आंकड़ा आरटीआई से निकाली गई जानकारी से मिला है। हैरत की बात ये है कि वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो का

- आंकड़ों की ऐसी बाजीगरी, दो साल में पूरे राज्य में मात्र चार हिरणों का शिकार

वन विभाग के 2025 के आंकड़ों के हिसाब से हिरण के अलावा अन्य जानवरों में जंगली सूअर चार, तेंदुआ पांच, बाघ एक, पैंगोलिन तीन, भालू तीन, कछुआ एक, बाइसन दो, नीलगाय एक, नेवला एक, कुल 23 शिकार एवं अवैध तस्करी की घटनाएं हुई हैं। अभी हाल ही में एक सरकारी रिसोर्ट में हिरण का मांस पकाया जा रहा था, तब वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मांस पकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसी तरह वर्ष 2024 में दो हिरणों के अलावा अन्य जानवरों में जंगली सूअर तीन, तेंदुआ पांच, बाघ एक, कछुआ एक, मैना एक, कुल 13 शिकार एवं अवैध तस्करी की घटनाएं एंटी पोचिंग रिकार्ड में दर्ज हैं।

**डब्ल्यूसीसीबी में रिकार्ड अपलोड नहीं :** वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत निर्मित केंद्र की एक निकाय है, जिसमें देश के सभी वनमंडल शिकार की जानकारी होने पर अपलोड करते हैं। छत्तीसगढ़ के वनमंडल वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो में आंकड़े ही अपलोड नहीं करते।

### हालत बेहद चिंताजनक

वन विभाग के एंटी पोचिंग रिकार्ड को वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने बेहद ही चिंताजनक बताया। वन्यजीव प्रेमी के अनुसार, राज्य के अलग-अलग वनक्षेत्रों में वन्यजीवों की लगातार शिकार की घटनाएं हो रही हैं। विभागीय अफसर अपनी नाकामी छिपाने के लिए रिकार्ड में हेरफेर कर शिकार के आंकड़े कम दर्ज कर रहे हैं। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के डाटाबेस में एंट्री इसलिए नहीं करते, क्योंकि यदि सभी शिकार के आंकड़े अपलोड कर दिए जाएं तो राष्ट्रीय स्तर पर विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं। विभागीय अफसरों को चाहिए कि वे शिकार से संबंधित वास्तविक आंकड़े जारी करें।




आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें
8224868411
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर